

MPHIN/2021/83938

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 206 | ग्वालियर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## दूसरे चरण के लिए पर्चा भरने का आज अंतिम दिन, अब तक 54 उम्मीदवारों से जमा हुए 73 नामांकन फार्म

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन फार्म जमा करने का आज अंतिम दिन है. दूसरे चरण में मध्य प्रदेश



की सात लोकसभा सीटों पर 28 अप्रैल से तीन अप्रैल तक 54 उम्मीदवारों द्वारा 73 नामांकन फार्म जमा किए हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है. दूसरे चरण के लिए नामांकन भरने के चौथे दिन बुधवार को 33 अभ्यर्थियों ने 46 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए 28 मार्च से अब तक 54 अभ्यर्थियों द्वारा 73 नाम. निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया है कि तीन अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में तीन अभ्यर्थियों द्वारा पांच नाम निर्देशन पत्र जमा किए, जबकि लोकसभा संसदीय क्षेत्र दमोह में सात अभ्यर्थियों द्वारा आठ नाम निर्देशन पत्र, खजुराहो सीट के लिए सात अभ्यर्थियों द्वारा 11 नाम निर्देशन पत्र, सतना सीट के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 7 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र रीवा में छह अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय नर्मदापुरम में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 7 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र बैतूल में दो अभ्यर्थियों द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए.

**आठ अप्रैल तक वापस ले सकते हैं नाम**-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि आज नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है. पांच अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी. नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी आठ अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे. दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा. सभी चरणों के मतदान की मतगणना चार जून को होगी.

# अमित शाह की आज मुजफ्फरनगर में रैली

**नई दिल्ली।** बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए जोर शोर से प्रचार कर रही है. चुनावी रैलियों के लिहाज से आज का दिन बेहद खास होने वाला है क्योंकि आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के कई दिग्गज नेताओं की यूपी के अलग-अलग शहरों में रैलियां है. जहां से वह केंद्र सरकार की दस साल की उपलब्धियों को गिनाते नजर आएंगे. साथ ही विपक्षी पार्टियों पर भी तीखा हमला बोलते दिखेंगे. गृहमंत्री अमित शाह आज (बुधवार) पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इनके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा में रैली करेंगे. वहीं बीजेपी के कई नेता पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन के समय मौजूद रहकर जनसमर्थन जुटाएंगे. बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह दोपहर 12.30 बजे मुजफ्फरनगर के राष्ट्रीय इंटर कालेज, बुढ़ाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद वह करीब ढाई बजे मुरादाबाद में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे. इस बैठक में वह पहले और दूसरे चरण की सीटों को लेकर रणनीति तय करेंगे.

जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह 10 बजे गाजियाबाद के घंटाघर इलाके के रामलीला ग्राउंड में बीजेपी प्रत्याशी अतुल गर्ग की नामांकन सभा में शामिल होंगे.

वहीं सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज



फतेहपुर सीकरी और आगरा लोकसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे. सीएम योगी सुबह 11.30 बजे फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के शमसाबाद इलाके में एपी इंटर कालेज में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे. उसके बाद वह दोपहर एक बजे आगरा के एमजी रोड स्थित सूरसदन आडिटोरियम में प्रबुद्ध सम्मेलन में लोगों को संबोधित करेंगे. इसके बाद सीएम योगी करीब शाम चार बजे वाराणसी के रोहनिया में बीजेपी क्षेत्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में भाग लेंगे. वहीं कल यानी गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में बीजेपी प्रत्याशी हेमा मालिनी के नामांकन में शामिल होंगे. इस दौरान वह नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे. गुरुवार शाम को ही सीएम योगी गोरखपुर पहुंचेंगे. जहां वह लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में शामिल होंगे. वहीं शुक्रवार यानी पांच अप्रैल से सीएम योगी चुनावी जनसभाओं की शुरुआत करेंगे. वहीं उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य पांच अप्रैल को अमरोहा, बिजनौर और नगीना चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे. वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी आज सुबह नौ बजे बागपत में एनडीए प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही वह मुजफ्फरनगर में होने वाली गृहमंत्री अमित शाह की रैली में भी शामिल होंगे. वहीं बुलंदशहर में बीजेपी प्रत्याशी भोला सिंह की नामांकन सभा में भी मौर्य शामिल होंगे.

## ढोल-मंजीरे की धुन पर पदयात्रा निकाल रहे दिग्विजय सिंह,

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजगढ़ संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए दिग्विजय सिंह की पदयात्रा का आज चौथा दिन है. दिग्विजय सिंह प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्रों में 25 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं. उनकी पदयात्रा के दौरान आगे-आगे समर्थक ढोलक-मंजीरे बजाकर भजन करते चल रहे हैं.पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ता भी भजन कर रहे हैं. उनकी इस पदयात्रा को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सराहा भी जा रहा है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि दिग्विजय सिंह जमीन पर उतरकर चुनाव लड़ रहे हैं, यह देश में अनूठा उदाहरण हैं.

**ये पूरे देश में अनूठा उदाहरण है**-कांग्रेस के 'राजगढ़ लोकसभा' नामक ट्विटर अकाउंट से एक पोस्ट की गई, जिसमें लिखा है कि लोकसभा चुनाव में जमीन पर जाकर चुनाव हर कोई नहीं लड़ सकता है, क्योंकि जनता से आंख से आंख मिलाकर उनसे मिलने का साहस उसी नेता में हो सकता है, जो जनता के काम करे. दिग्विजय सिंह जी जिस तरह पदयात्रा करके समर्थन जुटा रहे हैं,





## सीहोर में महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन चुनावी रैली, शिवराज सिंह चौहान का दिखा अलग अंदाज

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है. स्टार प्रचारक बनाये गये पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव प्रचार में उतर गये हैं. बुधवार को उन्होंने सीहोर जिले के आष्टा में रोड शो कर जनसभा को संबोधित किया.उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के लिए वोट मांगे. रोड शो में पूर्व मुख्यमंत्री का अलग अंदाज दिखाई दिया. महिलाओं ने शिवराज सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया. उन्होंने भी लोगों का अभिवादन किया. शिवराज सिंह चौहान के रोड में जैन सैलाब उमड़ पड़ा.

**स्टार प्रचारक शिवराज सिंह चौहान ने किया रोड शो**-देवास-शााजापुर सीट पर बीजेपी ने दूसरी बार महेंद्र सिंह सोलंकी को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है. कांग्रेस ने भी दिग्गज नेता राजेंद्र मालवीय को मैदान में उतार कर बीजेपी को कड़ी टक्कर देने का दावा किया है.राजेंद्र मालवीय कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय राधाकिशन मालवीय के पुत्र हैं. देवास शाजापुर का कुछ इलाका सीहोर जिले में पड़ता है. सीहोर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रभाव है. आष्टा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रोड शो हुआ.रोड में बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए. महिलाओं ने शिवराज सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया. पूर्व मुख्यमंत्री ने स्टेज पर स्वागत करने के लिए लोगों का अभिवादन किया.

**न्यायाधीश की नौकरी छोड़कर मैदान में उतरे सोलंकी**-बीजेपी प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुके हैं. उन्होंने न्यायापालिका की सेवा से इस्तीफा देकर राजनीति के क्षेत्र में उतरने का फैसला किया. महेंद्र सिंह सोलंकी ने पहला चुनाव साल 2019 में लड़ा.उन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करते हुए बीजेपी का परचम लहराया. 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने महेंद्र सिंह सोलंकी पर दोबारा भरोसा जताया. इस बार देवास शाजापुर लोकसभा सीट पर कांटे की टक्कर बताई जा रही है.



# श्रीराम कथा श्रवण करने से मानव जीवन सफल होता है : जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायण तीर्थ महाराज

## स्वामी नारायण तीर्थ ने प्रेस वार्ता में सनातन धर्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** । श्री काशी धाम पीठाधीश्वर जगद्?गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायनानंद तीर्थ जी महाराज के श्री मुख से चैत्र नवदुर्गा के पावन पर्व पर श्री राम कथा का आयोजन स्वरूप विद्या निकेतन अटेर रो? जिला भिंड में किया जा रहा है।

स्वामी नारायनानंद तीर्थ जी महाराज ने प्रेस वार्ता कर कर कहा कि बिना गुरु के कभी ज्ञान नहीं आ सकता और श्री राम कथा के श्रवण करने से मानव जीवन सफल होता है,स्वामी जी ने कहा कि श्री राम कथा को अधिक से अधिक लोगों को सुनना चाहिए।उन्होंने अधिकाधिक श्रद्धालुओं से श्रीराम कथा श्रवण करने की कहा है।श्री राम कथा आयोजन के संबंध में जानकारी निम्न अनुसार है।श्री राम कथा आयोजन के लिए दिनांक 8 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे बड़े श्रीहनुमान जी मंदिर नवादा बाग अटेर रोड भिंड से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो कथा स्थल स्वरूप वि?द्या निकेतन रेलवे क्रॉसिंग के पास अटेर रोड भिंड पर संपन्न होगी। कलश यात्रा में 1100 महिलाएं कलश लेकर सम्मिलित होगी




इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला/पुरुष श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। कलश यात्रा के लिए तीन बन्धियों का प्रबंध किया गया है। एक बग्गी में गुरुदेव भगवान तथा शेष दो अन्य बन्धियों में विभिन्न झांकियां रहेगी। कलश यात्रा में दो बैंड भी सम्मिलित रहेंगे। कलश यात्रा समापन स्थल पर गुरुदेव भगवान भिंड जिले में ज्ञान की ज्योति जलाने के लिए संक्षेप में अमृत वचन देगे। दिनांक 9 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 तक संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन स्वरूप विद्या निकेतन रेलवे क्रॉसिंग के पास अटेर रोड भिंड पर किया जाएगा । श्री राम कथा का समय दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा। श्री राम कथा समापन उपरांत प्रतिदिन प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। समिति द्वारा बताया गया है कि भिंड जिले से बाहर के जो भी श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए आएंगे उनके रहने एवं भोजन का प्रबंध कथा स्थल स्वरूप विद्या निकेतन भिंड पर किया गया है। कथा समापन दिनांक 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी उत्सव का महोत्सव आयोजन किया जाएगा । श्री राम कथा आयोजन के दौरान प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से 01 घंटे तक विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कथा स्थल पर किया जाएगा। समिति द्वारा बताया गया की कथा आयोजन हेतु जो भी श्रद्धालु सामर्थ्य और श्रद्धा अनुसार दान करना चाहे वे निम्न फोन पे नंबर अथवा क्यू आर कोड़ पर दान कर सकते हैं,इस नम्बर पर फोन पे कर सकते हैं । मुदिता शर्मा 9977352211से दानदाता अपनी रसीद अवश्य प्राप्त कर ले। श्री राम कथा आयोजन स्थल पर प्रतिदिन पर आता है 8ः00 बजे प्रातः कालीन आरती पूजन होगा। तथा जो भी श्रद्धालु गुरु दीक्षा लेना चाहे उनको भी प्रातः आरती पूजन के समय गुरु दीक्षा दी जाएगी। गुरु दीक्षा के संबंध में श्रद्धालु श्री निरंजन ब्रह्मचारी जी से संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर दबोह भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

दबोह- भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिबस को लेकर गुरुवार को दबोह भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक दबोह मण्डल लोकसभा प्रभारी शिवराज यादव के निबास पर आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित विधान सभा संयोजक नवल मिश्रा ने बताया कि 06 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिबस मनाया जा रहा है।इसमें हमे प्रत्येक पोलिंग



बूथ पर इस स्थापना दिबस को मनाना है।जिसमे हमे लाभार्थी,नवीन मतदाता को पार्टी की पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक करना है हमे सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिबस को ब? स्तर से मनाना है।इस अवसर दबोह मंडल लोकसभा प्रभारी शिवराज यादब,केशव विजपुरिया,भगवती दुबे, हृदयेश नायक,सुशील गोस्वामी,जीतू यादव,मनोज गुप्ता,संजीव यादव, नरेश विजपुर,सुरेन्द दोहरे,राजेन्द्र यादव,तिलक सिंह कुशवाहा,हरिश्चंद्र पांडेय मौजूद रहे ।

# ध्वज स्थापना के साथ हुआ श्री महामाई मेले का हुआ शुभारंभ

**सिरोंज।**
**अभिषेक कुशवाह**

नगर की आराध्या देवी जगत जननी श्री महामाई माता (डांगवाली) के जागृत दरबार में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर परंपरानुसार आयोजित होने वाले विशाल मेले का शुभारंभ गुरूवार को ध्वज स्थापना के साथ हुआ। इस अवसर पर महामाई माता मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ध्वज स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारों से ध्वज पूजन कराकर विधिवत ध्वज स्थापना कार्य सम्पन्न कराया और मेले के शुभारंभ की घोषणा की। इससे पूर्व प्रधान पुजारी एवं महामाई सेवा समिति सदस्यों द्वारा हाथ में केशरिया एवं रंगीन ध्वज पताका हाथ में लेकर शंख



झालर के उदघोष के साथ ही यहाँ होने वाले श्रीदुर्गा शतचंडी महायज्ञ के मुख्य यजमान ओमप्रकाश रघुवंशी इकोदिया द्वारा मेला परिसर में पूजा अर्चना कर ध्वज स्थापना कर श्री महामाई माता मंदिर की परिक्रमा भी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओमप्रकाश दुबे, कृष्णबिहारी पांडे, संतोष चौरे,अमोल सिंह जाटव,गणेश यादव,कैलाश शर्मा, हरीबाबू भार्गव,राजेन्द्र गर्ग, हरिचरण अहिरवार,सरसिज शर्मा,सर्वेश शर्मा सचिन शर्मा संतोष रघुवंशी आदि के साथ महामाई सेवा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

**इस बार 15 दिन चलेगा महामाई मेला**-श्री महामाई माता के दरबार में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 4 अप्रैल से 18 अप्रैल तक आयोजित होन वाला यह मेला पूरे 15 दिन तक चलेगा। इस हेतु मेला समिति द्वारा पिछले कई दिनों व्यापक प्रबंध एवं तैयारियॉ की जा रही हैं।

# दशा माता का व्रत रख की खुशहाली की कामना



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु जिले के बनूर कस्बा में स्थित गणेश मंदिर के प्रांगण में दशा माता का पर्व मनाया। गुरूवार को सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दशा माता का व्रत रखा। व्रत रखने वाली महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए पीपल की सामूहिक रूप से पूजा कर कच्चा सूत लपेट कर परिक्रमा लगाई। उसके बाद महिलाओं ने कथा सुनने के बाद दान पुण्य भी किया।

# ज्वारे बोने के साथ निमाड़ के सबसे बड़े गणगौर पर्व की हुई शुरुआत

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**कुक्षी** । निमाड़-मालवा का लोकपर्व गणगोर महोत्सव की शुरुआत गुरुवार ग्यारस को ज्वारे बोने के साथ हो गई है। आस्था,उत्साह व उमंग के साथ अंचलो मे झालरिया गीत गूंजेंगे। नगर कुक्षी के मध्यस्तिथ श्री आई माता जी मंदिर व सिर्वी समाज की छोटी हताई में श्रद्धालुओं ने पहुचकर माता की बाड़ी के लिए बॉस की टोकरिया और गेहूं अर्पित किए।क्षत्रिय सिर्वी समाज के अध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत ने बताया कि नगर में गणगौर पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है। पुरानी धानमंडी स्थित पंडित कमल रावत एवं पंडित पवन रावत के यहां पर माता की बाड़ी बोई जाती हैं।ग्यारस को माता की बाड़ी बोई गई।रावत परिवार द्वारा पर्व के दौरान माता की पूजा -अर्चना,धूप-ध्यान कर सेवा की जाती है। 11 अप्रैल को माता की बाड़ी श्रद्धालुओं के लिए खोली जाएगी। वही श्रद्धालु आकर्षक 200 से अधिक गणगौर रथो में ज्वारे विराजित कर अपने घरों पर ले जाएंगे तथा पूजा - अर्चना,भोग लगाकर कर माता की सेवा की जाती है। गणगौरी तीज को धानमंडी क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बन जाता है।भक्ति एवं उपासना का उत्सव एवं क्षेत्र का लोकपर्व गणगौर चैत्र माह की एकादशी से प्रारम्भ होकर दसवें दिन विसर्जन होता है।

**सीरवी समाज विशेष अंदाज में मनाता है-** वैसे तो गणगौर पर्व प्रत्येक हिन्दू परिवारों में मनाया जाता है।राजस्थान,गुजरात,मध्यप्रदेश में इस पर्व की विशेष तौर से मनाते है।मध्यप्रदेश के मालवा - निमाड़ का प्रसिद्ध लोक पर्व है।शहर के दशा वैष्णव पौडवाड समाज,पाटीदार समाज,सोनी समाज,राठौर समाज, माली समाज,आदिवासी समाज आदि समझनक बड़े धूमधाम से मनाते है।लेकिन क्षेत्र मै रहने वाले क्षत्रिय सिर्वी समाज का यह प्रमुख पर्व होने से इसे दीपावली जी तरह मनाते है।पर्व के दौरान क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो जाता है।

# लोकसभा चुनाव में पार्टी के मंडल,सेक्टर एवं बूथ प्रभारी की अहम भूमिका रहेगी : इरशाद अहमद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी का 3 मार्च 2024 को मेहगाव विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष,ब्लॉक संगठन मंत्री,मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर बूथ प्रभारी की एक बैठक आहूत की गई । जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल भदौरिया उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने की,उन्होंने भिण्ड- दतिया लोकसभा चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तरीय जानकारी दी,उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मंडल, सेक्टर एवं बूथ प्रभारी की अहम



भूमिका रहेगी। कांग्रेस नेता देवेंद्र नरवरिया एडवोकेट द्वारा आयोजित की गई बैठक को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल सिंह भदौरिया ने संबोधित करते हुए बताया है,की कार्यकर्तागण एकजुट होकर कांग्रेस को विजयी दिलाए,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद द्वारा पूरे जिले में मंडलम, सेक्टर को बराबर जानकारी दी जा रही हैं,और जनसंपर्क अभियान भी कार्यकर्ताओं के बीच में चल रहे हैं, जिससे संगठन की मजबूती हो रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर डॉ. चिमनलाल हिंडोलिया भी जनता से रूबरू होकर संपर्क कर पार्टी और पार्टी प्रत्याशी के बारे में अच्छे से समझा रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से भागीरथ सिंह कुशवाहा,जिला सचिव कमलेश सिंह,कोर ब्लॉक संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह भदोरिया,जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रणजीत सिंह कुशवाहा पटेल, हरिओम भदोरिया,संजीव कुमार करैया,ब्लॉक अध्यक्ष गर्मी रामेश्वर दयाल वर्मा,ब्लॉक संगठन मंत्री मेहगांव हसू भाई,जिला सचिव कांग्रेस कमेटी रणवीर सिंह परिहरपुर,जिला पंचायत सदस्य उमा सिंह,रामबरन कुशवाहा,असलम खान,राजेश शर्मा, राजकुमार अधिक तमाम लोग सम्मिलित रहे।

## कलेक्टर के निरीक्षण में मिले 6 डाक्टर अनुपस्थित

# तीन दिवस में मांगा जवाब,अन्यथा होगी कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने विगत दिवस जिला चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ जीआर शाक्य सर्जीकल विशेषज्ञ, डॉ एसके विरथरिया मेडीकल ऑफीसर, डॉ मंजूलता भटपगार दंत रोग चिकित्सक, डॉ सोनाली खण्डेलवाल दंत रोग चिकित्सक संविदा, डॉ अंजली गौतम महिला चिकित्सा अधिकारी (वांडेड) एवं डॉ शुजाता यादव महिला चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाई गई। कलेक्टर ने अनुपस्थित पाये जाने पर कहा कि यह कृत्य अत्यन्त आपत्तिजनक अनुशासनहीनता लापरवाही एवं कर्तव्य विमुख्ता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि तीन दिवस के अंदर जवाब समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें समयावधि में जवाब न देने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने किया दो अपराधियों पर 20 हजार का ईनाम घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ असित यादव ने म.प्र. पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा क्र. 80 (1) में प्रदत्त शक्तियों के अनुसार अपराधी आंसू उर्फ कालिया उर्फ कल्लू उर्फ रामराज सिंह पुत्र मोहन सिंह भदौरिया निवासी आईटीआई रोड समीर नगर थाना देहात भिण्ड एवं शिवराज सिंह पुत्र मोहन सिंह भदौरिया निवासी आईटीआई रोड समीर नगर थाना देहात भिण्ड पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया हैं। पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने कहा कि जो कोई अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधि संगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग कर जो उनहें बंदी करवायेगा या बंदी करवाने के लिए सही सूचना देगा, उसे अपराधी के नाम के सामने अंकित पुरूष से पुरूष्कृत किये जावेगा।

## नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने संकल्प लें - रूपकुमारी चौधरी

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने नामांकन रैली में पधारे जन मानस को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि मैं याचक बनकर आप सभी से याचना करती हूं कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कमल फूल पर बटन दबाकर विजयी बनाएं और नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने संकल्प लें। 14 वर्षों के वनवास के बाद जब रामजी अयोध्या वापस आए तो दीवाली मनाई गई थी। कलयुग में 22 जनवरी को जब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ तब पूरे देश में दीवाली मनाई गई और हम इसके साक्षी बने ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है अयोध्या में जो भव्य रामलला का जो मंदिर का निर्माण हुआ है वो मोदी जी की ही देन हैं।

# स्कूलों द्वारा दुकान विशेष से पाठ्यपुस्तकें, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री क्रय करने बाध्य करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने खरगोन जिले में संचालित समस्त अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संचालकों, प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया है कि वे बच्चों के पालकों को दुकान विशेष से पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कापी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य न करें और न ही इसके लिए पालकों पर दबाव बनायें। किसी दुकान विशेष से शैक्षणिक सामग्री व ड्रेस खरीदने के लिये बाध्य करना एक अपराधिक षडयंत्र के साथ लूट भी है। जिला प्रशासन ऐसे किसी अपराधिक षडयंत्र या लूट को बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में दिये गये निर्देश में कहा गया है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, सीबीएसई या एससीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म खरीदने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पालकों को बाध्य करने की शिकायतें सामने आई हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों व पालकों को महंगे दामों में उक्त सामग्री मिल रही है जो उचित नहीं है। म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य सम्बंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 6 (1) (घ) में स्पष्ट उल्लेख है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए स्वत

# खरगोन पुलिस द्वारा 10 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा स्थाई, फरार वारंटीयो व संपत्ति संबंधी अपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना गोगावां पर 10 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**-दिनांक 04.04.24 को थाना गोगावां पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, गोपाल सिह सिकलीगर पिता अभय सिह सिकलीगर निवासी सिगनुर हाल मुकाम अक्लकुआ महाराष्ट्र अभी अपने गाँव सिगनूर आया हुआ है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान ग्राम सिगनूर हेतु रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा ग्राम सिगनूर पहुँच कर वारंटी की तलाश की गई । जिसपर 01 व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़ मे आये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गोपाल सिंह सिकलीगर पिता अभय सिह सिकलीगर निवासी सिगनुर हाल मुकाम अक्लकुआ महाराष्ट्र का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा वारंटी गोपाल सिंह सिकलीगर पिता अभय सिह सिकलीगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है **पुलिस टीम** -उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री राकेश आर्य के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी गोगावां श्री दिनेशसिंह सोलंकी, चौकी प्रभारी अहीरखेडा उनि धर्मेन्द्र यादव, सउनि शक्ति सिकरवार, उनि अमजद खान, प्रआर 668 दिनेश मण्डलोई, आर.70 राहुल समुद्रे, आर.277 हेमंत, आर 1046 मो. फारुख एवं सायबर सेल टीम खरगोन का विशेष योगदान रहा ।

## कांग्रेस ने पांच साल छत्तीसगढ़ को लूटा है - ईश्वर साहू

साजा विधानसभा क्षेत्र से विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि मैं गरीब और मजदूर परिवार का बेटा हूं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने मुझे अपने परिवार से जोड़ा इसके लिए आभारी हूं। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की लबरा सरकार को उखाड़ फेंका और मोदी जी को गारंटी पर विश्वास जताया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोदी जी की एक एक गारंटी पूरा करते जा रहे हैं किसानों धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3,100 रूपए से खरीदा, महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। कांग्रेस ने पांच साल छत्तीसगढ़ को लूटा है। जिस प्रकार विधानसभा में कांग्रेस को उखाड़ फेंका वैसे ही लोकसभा चुनाव में महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ से हराकर भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं। मेरे बेटे की हत्या कर दी गई और उस समय कांग्रेस की सरकार थी और ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री थे एक बार भी मिलने नहीं आए। और आज समाज के ठेकेदार बन रहें हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बासी खाते थे वो भी चम्मच से, हमको भौंरा चलाना, गिल्ली डंडा खेलना और गेड़ी चढ़ना सिखाते थे जैसे हम जानते नहीं हैं केवल पोस्टर में ही विकास कार्य किए थे। श्री साहू ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रुप कुमारी चौधरी को भारी मतों से जीताने की अपील की।

बड़े बकायादारों की सूची जारी, रीवा रियासत के वंशज पुष्पराज सिंह जूदेव का भी नाम

# लगातार लोगों को हिदायत देने के बाद भी टैक्स न जमा करने के बाद नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लगातार लोगों को हिदायत देने के बाद भी नगर निगम में टैक्स न जमा करने के बाद नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है। नगर निगम आयुक्त द्वारा बड़े बकाया दारो की सूची अब सार्वजनिक रूप से चस्पा की जा रही है। कांग्रेस पार्टी से पूर्व मंत्री रहे रीवा राजधाराने के महाराजा पुष्पराज सिंह जूदेव का नाम सूची में शामिल कर दिया गया है। पहले तो यह नाम केवल सूची में शामिल किया था बाद में उन्हें नोटिस भी दी गई थी। उक्त सूची को सार्वजनिक सूची में चस्पा कर दिया। सार्वजनिक सूची में रीवा महाराजाओं के वंशज का नाम होने से सब हैरान हैं। कई संपत्तियों के मालिक महाराजा के वसंज ने निगम का टैक्स ही नहीं जमा कराया है।




**पुष्पराज सिंह की शहरी क्षेत्र में कई संपत्तियां**–महाराजा पुष्पराज सिंह की शहरी क्षेत्र में कई संपत्तियां है, जिनके बदले उनको निगम को टैक्स का भुगतान करना पड़ता है लेकिन उनके द्वारा इसका भुगतान समय पर नहीं किया गया और वह बड़े बकायादारों की लिस्ट में शामिल हो गए। महाराजा पुष्पराज सिंह पर अकेले वार्ड क्रमांक 17 की प्रापर्टी में 97130 रुपये संपत्तिकर बकाया है। कहने को तो यह एक छोटी रकम महाराजा के लिए है लेकिन इसका भी भुगतान वह अब तक नहीं कर पाए हैं। वार्ड के बड़े बकायादारों की सूची में सबसे बड़े बकायादार महाराजा पुष्पराज सिंह की हैं।

**अन्य प्रापर्टियों का टैक्स भी नहीं दिया गया**–ननि से जु? सूत्र बताते हैं कि शहर की अन्य प्रापर्टियों का टैक्स भी उनके द्वारा नहीं दिया गया है। बता दें कि यह टैक्स कई दिनों से बकाया है, जब उनके द्वारा जमा नहीं किया गया तो निगमायुक्त संस्कृति जैन ने शहर में लगाई गई बड़े बकायादारों की सूची में महाराजा पुष्पराज सिंह का नाम चस्पा करा दिया। हालांकि स्थानीय अधिकारी इस बात से सहमत नहीं थे लेकिन वह भी आदेश के आगे वह भी मजबूर थे और उनको नाम सार्वजनिक करना पड़ा। बताते चले कि महाराजा पुष्पराज सिंह के पुत्र दिव्यराज सिंह वर्तमान में सिरमौर विधायक हैं। राजघराने के साथ ही पुष्पराज सिंह वर्तमान में भाजपा में है इसके पूर्व कांग्रेस एवं सपा में भी रह चुके हैं।

नगर परिषद गुढ़ द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

# स्वच्छता संरक्षक सोनू राय साकेत की अनुपस्थित चर्चा की विषय रही



रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से नगर परिषद गुढ़ द्वारा नगर परिषद के प्रमुख मार्गो पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे नगर परिषद गुढ़ में पदस्थ स्वच्छता संरक्षक सोनू रॉय साकेत के अलावा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित बी एल ओ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ के शिक्षक एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने हिस्सा लिया रैली नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार,सब्जी मंडी, भैरव मंदिर मोड़,बस स्टैंड होकर कई प्रमुख मार्गो से गुजरी रैली में चुनाव आयोग के निर्धारित नारों को बोलते हुए नगर परिषद द्वारा बैनर लगाए गए। नगर परिषद अधिकारी के एन सिंह के नेतृत्व निकाली गई जन जागरुकता रैली में प्रमुख रूप से पूर्व नगर परिषद अधिकारी विजय बहादुर सिंह,इंजी. बृजनंदन मिश्रा,इंजी.आशीष द्विवेदी, बी एल ओ अंबुज पांडेय,अवध लाल पटेल,श्रीमती प्रवीण द्विवेदी,बी.के.सिंह, संतोष पटेल, मोहनलाल बंसल, सुरेश प्रजापति,राजेंद्र मिश्रा,बृजेश शुक्ला,महबूब खान,आत्मानंद शुक्ला,गंगापुरी गोस्वामी, सज्जन सिंह, हीरा गोस्वामी,राघव बंसल, स्वदीप शुक्ला, राहुल सोनी,सौरभ मिश्रा,इंदू त्रिपाठी सहित आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित सैकड़ों लोग उपस्थित शामिल रहे। उक्त रैली में स्वच्छता संरक्षक की घोर लापरवाही सामने आई वे बिना सूचना के अनुपस्थित रहे यह उनके लिए कोई नई बात नही वे अक्सर कार्यालय में अनुपस्थित पाए जाते हैं।

# आज फिर लगा कांग्रेस से भाजपा में आने वालों का तांता

आज महासमुंद में नामांकन से पहले मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेसियों की हो? दिखी। महासमुंद जिला पंचायत की अध्यक्ष रही उषा पटेल, पूर्व में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष रही अनिता रावटे, महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष रहे हरबंश सिंह ढिल्लों, पिथौरा नगर पंचायत के 4 बार के अध्यक्ष रहे देव सिंह निषाद, महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष रही अरुणा शुक्ला, जनपद पंचायत महासमुंद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद पटेल का नाम शामिल होने वालों में प्रमुख रहा।

**कबीर पंथ के संत देवकर साहेब भाजपा में शामिल**–राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव के शिष्य देवकर साहेब, जो कबीर पंथ के सन्यास परम्परा के संत हैं, उन्होंने भी अपने एक हजार साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया।सभा में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू व पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सरला कोशरिया प्रदेश प्रभारी, महिला मोर्चा विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा, वर्तमान विधायक भावना बोहरा, खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल, अनुज शर्मा भी उपस्थित थे।

# विकास के नाम गुढ़ नगर परिषद पर प्रशासन नें गरीबों और छोटे व्यापरियों की घर व दुकान को उजाड़ा

**गुढ़ नगर पंचायत की अध्यक्ष अर्चना सिंह व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ में पदस्थ कल्याण सिंह का अतिक्रमित घर न गिराये जानें पर गुढ़वासियों में आक्रोश**



रीवा(पुष्पांजली टुडे)। विकास के नाम पर गुढ़ नगर परिषद में गुढ़वा से लेकर गुढ़ तक सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा दोनो तरफ 25-25 फुट की रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते गुढ़ बस स्टैण्ड में सैकढ़ो की तादात में छोटे व्यापारी अपनी दुकान बनाकर विगत 50 वर्षो से अपना जीवन यापन कर रहे थे लेकिन विगत दिनांक 04.02.2024 को सुबह से जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार और पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद गुढ़ के भारी भरकम कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की जा रही थी जिसमें कई छोटे फुटपाथी व्यापारियों की दुकान टूट गई

नीलम मिश्रा की नामांकन रैली में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह भंवर , प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अजय सिंह राहुल भैया , अरुण यादव ही रहे मौजूद भी रहे मौजूद






रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा क्षेत्र रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में खासी भीड़ उमड़ी। पूरे जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस समर्थक आम जनमानस एवं पार्टी के पदाधिकारी नामांकन रैली में शामिल हुए। रैली की भीड़ और कार्यकर्ताओं का जमकर उत्साह अपनी एक अलग ही कहानी बयां कर रहा था।

नामांकन रैली के पूर्व वृंदावन गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया गया था , जिसमें प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव , पूर्व नेता प्रतिपक्ष, देश के वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक तंखा जैसे सीनियर नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस दौरान प्रदेश प्रभारी व कांग्रेस के राष्टीय महासचिव जितेंद्र सिंह भंवर ने भाजपा के 400 पार किनारे पर तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसा हो गया तो वह अपने आप को जीवन भर के लिए प्रधानमंत्री घोषित करना चाहते हैं। अगर 400 पार का नारा पूरा हो गया तो प्रजातंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा, क्योंकि उसके बाद यह मनचाहे फैसला लेंगे। भारतीय जनता पार्टी को ही आड़े हाथों लेते हुए श्री भंवर ने कहा कि यह पार्टी ईस्ट इंडिया कंपनी जैसी कम कर रही है इन्हें उखाड़ कर फेंक दो। इन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान कहां किया संविधान खतरे में है इसलिए आपकी जिम्मेदारी है कि वह स्थिति न आने पाए। रीवा के लोग बुद्धिजीवी हैं, सोचते हैं और समझते भी हैं इसलिए मैं आशा करता हूं कि रीवा की लोकसभा सीट से नीलम अभय मिश्रा की जीत होगी। स्थानीय स्तर पर चर्चा करते हुए श्री भंवर ने कहा कि रीवा आने पर स्थानीय नेताओं के बारे में जब जानकारी ली तो बताया गया कि यहां के विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री भी हैं लेकिन जिसने यह जानकारी दी उसने यह भी बताया कि वह भू माफिया भी हैं। इससे रीवा की साख और भाजपा नेताओं की पहचान कैसे होती है, समझा जा सकता है। मध्य प्रदेश में घोटाला ही घोटाला है विश्व का सबसे बड़ा घोटाला यहीं पर हुआ। युवाओं के साथ छल हुआ। उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह पर्ची के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा आज क्या कर रही है आप सब देख रहे हैं। आने वाले 26 अप्रैल को जब मतदान होगा तो काफी सोच समझकर आपको अपने मत का प्रयोग करना है क्योंकि इस बार की लड़ाई भारत को बचाने की है संविधान को बचाने की है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव न` रीवा की जनता से आह्वान किया है कि देश का संविधान बचाने, घोटाले बाजो से बचने और झूठवादे करने वालों से बचने के लिए अब जरूरी हो गया है कि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की जाए। इन्होंने रीवा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं जनता से अपील की है कि वह खुद मैदा में आए और जीत को सुनिश्चित करवाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने इस अवसर पर कहा कि विंध्य की राजनीति की शुरुआत रीवा से होती है और इस बार एक नई राजनीति की शुरुआत होने जा रही है। कांग्रेस ने नीलम अभय मिश्रा को टिकट देकर जो निर्णय लिया है वह सर्वोत्कृष्ट था, उसी का परिणाम है कि उन को पर्चा भरवाने इतनी बड़ी संख्या में लोग आए हैं। इन्होंने कहां की आज देश का संविधान ही खतरे में पड़ गया है और हमारी सब की जिम्मेदारी बनती है कि उसकी रक्षा के लिए हम कांग्रेस की प्रत्याशी को संसद में भेजें।राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने रीवा से अपने भावनात्मक संबंधों को बयां करने के बीच कहा कि वर्तमान में राजनीतिक माहौल ऐसा बन गया है जब काफी कुछ सोचना पड़ रहा है। वहां मौजूद भारी भीड़ को देखकर इन्होंने कहा कि यह भी रही काफी कुछ स्पष्ट कर चुकी है , यहां पर परिवर्तन होना पक्का दिखाई दे रहा है। लेकिन हम सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता के साथ जुटना होगा ताकि परिणाम हमारे पक्ष में आए। इस बीच पूर्व विधायक एक एवं लोकसभा प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना नहीं आम जनता से अपील करते हुए कहा कि है भारत में दूसरी आजादी की लड़ाई शुरू हो चुकी है इस पर आप सबको साथ देना है।

इस दौरान रीवा लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों को मार्गदर्शन देने के लिए पहुंचने पर आभार जताया तथा कहा कि कहा कि कांग्रेस ने मुझ पर भरोसा जताया है, उसे मैं हमेशा कायम रखूंगी। इन्होंने कहा कि वर्तमान में रीवा लोकसभा क्षेत्र भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है, हर जगह लोगों की यही शिकायत है कि उनके क्षेत्र में कहीं कोई विकास नहीं हुआ जबकि कागजों में विकास की बातें की जाती है। उन्होंने मंच में बैठे नेताओं के सामने बताया कि जब वह गांव में जाती है तो लोग अपने गांव की दुर्दशा के बारे में अवगत कराते हैं। बेरोजगार सरकार के नाम पर रो रहे हैं। इस दौरान उन्होंने दूर दूर से आए पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार भी जताया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी राजेंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस का एक-एक पदाधिकारी और एक-एक कार्यकर्ता इस बार यह संकल्प ले रहा है कि वह किसी कीमत पर रीवा लोकसभा सीट में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए की जान लगा देगा और रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस जीत हासिल करेगी। उक्त अवसर पर रीवा लोकसभा प्रभारी और पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह, सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी क्रमशः कपिध्वज सिंह, राम गरीब बनवासी, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, विद्यावती पटेल, बबिता साकेत, गुरमीत सिंह मंगू, जिला कांग्रेस का कार्य अध्यक्ष कुंवर सिंह, गिरीश सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस की कविता पांडे समेत सभी प्रकोष्ठों के संयोजक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान मऊगंज विधानसभा क्षेत्र की आधार सैकड़ा महिलाओं ने आज भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली। इसी प्रकार सिरमौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजेन्द्र मिश्रा, उदय प्रकाश मिश्रा, रामगरीब बनवासी, डॉ. आई.एम.पी.वर्मा, विद्यावती पटेल, शीला त्यागी, आनंद सराफ, सह प्रभारी, गोविन्ददास तिवारी, विधानसभा प्रत्याशी कपिध्वज सिंह, बबिता साकेत, पदमेश गौतम, रमाशंकर पटेल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष कविता पाण्डेय, गुरूमीत सिंह मंगू, शिव प्रसाद प्रधान कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह, कुवंर सिंह, वसीम राजा, सत्यनारायण तिवारी, मानवेन्द्र सिंह नीरज, लाल जी मिश्रा, तारा त्रिपाठी, ममता सिंह परिहार, ममता तिवारी, शिवबालक पाण्डेय, डॉ. अरूणेन्द्र शेखर मिश्रा, अश्विनी कुमार मिश्रा मुन्ना, लालमणि त्रिपाठी, सज्जन पटेल, मुस्तहाक खान, रमाकांत मिश्रा, सुन्दर लाल चौधरी, दिनेश नारायण पिढिहा, विपिन पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, बृजेन्द्र पाण्डेय, कमलेश्वर पटेल, कमलाकांत तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, इंडिया गठबंधन के समस्त अध्यक्षगण, सभी ब्लाक, मण्डल, सेक्टर, बूथ कमेटी के पदाधिकारीगणों सहित हजारो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री रवि तिवारी ने किया , जबकि आभार प्रदर्शन अभी हाल में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने किया।

**विरोधी भी चौंक गए भीड़ देखकर**–कांग्रेस की नामांकन रैली की आज दिनभर जगह-जगह चर्चा रही। लोगों को यह अनुमान नहीं था कि इतनी भीड़ आ सकती है। लेकिन रीवा जिले के कांग्रेस नेताओं की एक जुटता यहां पर देखने को मिली और सभी विधानसभा क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग आए और सामान्य तौर पर लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा था



### पीने के अलावा इन तरीकों से करें

# पानी का इस्तेमाल और पाएं बेजान त्वचा के साथ झुर्रियों से भी छुटकारा

पानी की कमी से हमारी स्किन बेजान हो जाती है। जिसकी वजह से चेहरे पर चमक की कमी के साथ ही उसका लचीलापन कम होते जाता है और समय से पहले चेहरे पर झुर्रियां भी पड़ जाती हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर में पानी की मात्रा धीरे-धीरे घटने लगती है जिसका सीधा असर हमारी स्किन पर पड़ता है। स्किन से जुड़ी थोड़ी सी भी समस्या होने पर महिलाएं तरह तरह के कॉस्मेटिक्स और ट्रीटमेंट्स का सहारा लेती हैं लेकिन ये इससे फायदे की जगह नुकसान होता है क्योंकि ये पोर्स में भर जाते हैं जिससे त्वचा सही तरीके से सांस नहीं ले पाती।

स्किन के हेल्दी और चमकदार बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन किया जाए। यह शरीर को ठंडा रखता है, ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रखता है, ताजगी देता है और पेट से जुड़ी परेशानियों से भी बचाता है।



■ रोजाना सुबह और शाम चेहरे पर ठंडे पानी के छींटे मारें, इससे चेहरे पर ब्लड का सर्कुलेशन बढ़ता है जिससे चेहरे की चमक बढ़ती है और आप दिन भर फ्रेश नजर आती हैं।

#### ऐसे करें पानी का सेवन

- एक बर्तन में एक ग्लास पानी डालें और उसमें दो चम्मच चीनी डालकर उबाल लें। ठंडा कर इससे चेहरा और गर्दन धोएं। लगातार एक महीने तक इसका इस्तेमाल करने से स्किन एकदम सॉफ्ट हो जाएगी और रंग भी साफ होगा।
- आंखें सूजी हुई नजर आ रही हैं तो बर्फ वाले पानी में रूई के फाहे भिगोकर आंखों पर रखें।
- ठंडे पानी से नहाने से शरीर रोगमुक्त रहता है और त्वचा जवान रहती है।
- आंखों के नीचे काले धब्बे या झुर्रियों से निपटने में भी ठंडा पानी है बेहद फायदेमंद। इसमें नींबू का रस व नमक मिलाकर दिन में दो से तीन बार पिएं।
- नीरोगी पानी से नहाने के बाद एक मग गुनगुने पानी में कुछ बूंदें नारियल के तेल की डालकर पूरे शरीर पर इस पानी को छिड़क लें या डाल लें और फिर तौलिए से थपथपाकर सुखा लें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही हफ्तों में स्किन चमकदार और सॉफ्ट हो जाएगी।
- हाथ-मुंह धोते समय मुंह में पानी भरें और आंखों में पानी के छींटें मारें। इससे आंखों की रोशनी बढ़ती है।
- चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए सुबह-सुबह खाली पेट नींबू-शहद मिलाकर पीना बेहद फायदेमंद होता है।
- थकान का असर बॉडी के साथ चेहरे पर भी नजर आता है। तो इसे भी पानी की मदद से कर सकती हैं दूर। एक बड़े कॉन में पानी को उबालें। बहुत ज्यादा गरम न हो गुनगुना ही रखें। इसमें दो नींबू का रस निचोड़ें और इतना सा नमक मिलाकर दोनों पैरों को इसमें डालकर कुछ मिनट तक रिलैक्स करें।

# बल्ड प्रेशर कम होने पर काम आएंगे ये 5 घरेलू उपाय

दो मील्स के बीच में लंबा गैप न होने दें। इससे बेहतर है कि आप हर थोड़ी देर में छोटा पोर्शन खाएं। इससे आपका ब्लड प्रेशर अचानक से नहीं गिरेगा। अगर आप दिन में तीन बार खाना खाते हैं, तो बेहतर है कि इसे 5 में बांट लें।



आपने हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर के खतरों के बारे में बहुत सुना होगा, लेकिन ब्लड प्रेशर का कम होना भी उतना ही जोखिम भरा हो सकता है। ब्लड प्रेशर कम होने को हाइपोटेंशन भी कहते हैं, जो दिल, दिमाग और अन्य महत्वपूर्ण अंगों में अपर्याप्त रक्त प्रवाह का कारण बन सकता है। ब्लड प्रेशर अचानक तब गिरता है, जब कोई अचानक बिस्तर से उठ खड़ा होता है। इसे पोश्चुरल हाइपोटेंशन कहा जाता है और इससे चक्कर आ सकते हैं।

अगर आप भी लो ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं, तो दवाओं के साथ कुछ घरेलू उपायों की मदद भी ले सकते हैं। हालांकि, अगर आपको नीचे दिए गए लक्षण बार-बार परेशान कर रहे हैं, तो आपको फौरन डॉक्टर से सलाह करनी चाहिए:

- कमजोरी
- सिर घूमना
- चक्कर आना
- मतली आना
- चिपचिपी त्वचा
- बेहोश हो जाना
- धुंधला दिखना

#### ब्लड प्रेशर को बनाए रखने के लिए क्या करें?

1. **हर थोड़ी देर में थोड़ा थोड़ा खा लें :** दो मील्स के बीच में लंबा गैप न होने दें। इससे बेहतर है कि आप हर थोड़ी देर में छोटा पोर्शन खाएं। इससे आपका ब्लड प्रेशर अचानक से नहीं गिरेगा। अगर आप दिन में तीन बार खाना खाते हैं, तो बेहतर है कि इसे 5 में बांट लें। यह घरेलू उपाय डायबिटीज के मरीजों के भी काम आता है।
2. **नमक की मात्रा ठीक लें :** वैसे तो ज्यादा नमक का सेवन हानिकारक होता है, वहीं, दूसरी तरफ शरीर को काम करने के लिए इसकी जरूरत भी होती है। WHO के अनुसार, आपको रोज की डाइट में कम से कम एक चम्मच नमक जरूर लेना चाहिए। इसके अलावा आपको फलों और सब्जियों से भी नमक मिल जाता है। गर्मियों में अगर आप रोज वर्कआउट करते हैं, तो नींबू पानी में चुटकी भर नमक डालकर जरूर खाएं। नमक आपको फौरन ऊर्जा देता है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा सेवन शरीर में पानी का जमाव और हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनता है।
3. **ज्यादा से ज्यादा फ्लूइड्स लें :** दिन में कम से कम दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इसके अलावा नारियल पानी, बेल का शरबत और आम पना भी आपको फायदा करेगा, अगर आपका ब्लड प्रेशर कम है। यह आपके शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स देंगे। शरीर में पानी की कमी लो ब्लड प्रेशर का कारण बनता है। साथ ही अनार का जूस पिएं, यह एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो ब्लड प्रेशर को कम करने का काम करता है।
4. **कैफीन भी है फायदेमंद :** चाय, कॉफी जैसी कैफीन युक्त ड्रिंक्स ब्लड प्रेशर को वृद्ध करने का काम करती हैं। ब्लड प्रेशर के अचानक गिर जाने पर चाय या कॉफी पिलाना चाहिए, इससे सर्कुलेशन फौरन ठीक हो जाता है।
5. **तुलसी के पत्ते :** दादी नानी के नुस्खों में तुलसी के पत्ते चबाना भी शामिल है। हर सुबह 5 से 6 तुलसी के पत्ते चबाने से ब्लड प्रेशर कम होने की दिक्कत दूर होगी। तुलसी की पत्तियों में पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन-सी का स्तर काफी उच्च होता है, जो ब्लड प्रेशर को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह Eugenol नाम के एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरी होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम रखता है।

# कद्दू से बने इन फेस पैक से निखारें चेहरे की खूबसूरती



ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप नेचुरल चीजों का जितना ज्यादा इस्तेमाल करेंगे उतने ही फायदे में रहेंगी। आलू, पपीता, खीरा, नींबू, बेसन जैसी कई सारी चीजें इसमें शामिल हैं जो चेहरे का ग्लो बढ़ाने का काम करती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कद्दू भी इसमें शामिल है? अगर नहीं, तो बता दें कि कद्दू के इस्तेमाल से भी आप चेहरे की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। कद्दू में अच्छी खासी मात्रा में पोटैशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, विटामिन ए, ई, सी, बी-6 और नियासिन होता है, जो हमारी स्किन को हेल्दी रखने के लिए जरूरी होते हैं। तो पार्लर के महंगे ट्रीटमेंट्स पर पैसे खर्च करने की जगह इंस्टेंट ग्लो देने वाले कद्दू फेस को एक बार जरूर करें ट्राय।

#### 1. पंपकिन-योगर्ट फेस पैक

सामग्री- आधा कप पंपकिन के टुकड़े, 2 टेबलस्पून योगर्ट, 1 टेबलस्पून शहद

**विधि**

- पंपकिन कद्दूकस करके मैश करें।
- इसमें दही-शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें।
- हफ्ते में दो बार यह पैक लगाएं।

#### 2. पंपकिन- लेमन फेस पैक

सामग्री- 1 टेबलस्पून पंपकिन पेस्ट, 1 टेबलस्पून शहद, एक टीस्पून नींबू का रस, 1 टीस्पून विटामिन ई ऑयल

**विधि**

- बोल में सारी चीजें मिलाकर पेस्ट बनाएं।
- इसे चेहरे-गर्दन पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें।
- हफ्ते में एक बार इसे लगाएं फिर देखें चेहरे का निखार।

#### 3. पंपकिन-दालचीनी का फेस पैक

सामग्री- 4-5 टुकड़े पंपकिन उबालकर मैश किया हुआ, 1 टेबलस्पून दूध, 1 टेबलस्पून शहद, 1/2 टीस्पून दालचीनी पाउडर

**विधि**

- बोल में सारी सामग्री मिलाकर पेस्ट बनाएं।
- इसे चेहरे पर लगाएं और लगभग 15 मिनट धो लें।
- हफ्ते में एक बार इसे लगाएं, कुछ ही दिनों में फर्क नजर आने लगेगा।

#### 4. पंपकिन-एग फेस पैक

सामग्री- 1/2 कप पंपकिन उबालकर मैश किया हुआ, एक अंडे का सफेद हिस्सा, एक टेबलस्पून शहद

**विधि**

- बोल में सारी चीजें अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बनाएं।
- इसे चेहरे, गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें।

# मौसम, नमी, धूल और प्रदूषण से होने वाली एलर्जी से राहत दिला सकते हैं ये नुस्खे



धूल और प्रदूषण से एलर्जी की प्रॉब्लम कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है खासतौर से शहरों में। बड़े तो बड़े छोटे बच्चे भी अब इसका शिकार हो रहे हैं। बहती नाक, खुजली, लाल आंखें, सांस लेने में कठिनाई और सीने में जकड़न एलर्जी के संकेत हैं। जिसका समय रहते इलाज न किया जाए तो ये और गंभीर हो सकते हैं। तो इन लक्षणों को समझते हुए आप यहां दिए जा रहे घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं, जो साबित हो सकते हैं बेहद मददगार।

- **लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल :** लैवेंडर ऑयल में एंटी इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक तत्व होते हैं। यह धूल एलर्जी का प्रभाव कम कर बेहतर नींद दिलाने में मदद कर सकता है। तो इसके लिए, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 2-3 बूंदें डिफ्यूजर में डालें और इसकी भाप लें। हालांकि, डिफ्यूजर नहीं है तो आप तेल की बूंदों को एक रुमाल पर डालकर सूंघ सकते हैं। जल्दी राहत के लिए कुछ दिन लगातार इस तेल की भाप लेनी चाहिए।
- **शहद का करें इस्तेमाल :** शहद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-सेप्टिक गुणों का खजाना होता है। जो एलर्जी की समस्या से निपटने में बेहद प्रभावी है। इसका सुबह खाली पेट सेवन बेहद फायदेमंद रहेगा या फिर गरम पानी में शहद को मिलाकर पीएं।
- **सेब का सिरका है असरदार :** सेब का सिरका वजन घटाने के साथ ही एलर्जी का भी बहुत ही असरदार इलाज है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जो धूल मिट्टी में मौजूद कीटाणुओं का खात्मा कर एलर्जी के असर को कम करने में मददगार होते हैं। इसके लिए एक गिलास कुनकुने पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका और स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें। दिन में 1 से 2 बार पिया जा सकता है।
- **हल्दी है गुणकारी :** हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है। इसके अलावा इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी मौजूद होते हैं, जो एलर्जी के प्रभाव को कम करने का काम करते हैं जिससे वो गंभीर इंफेक्शन में नहीं बदलता। तो इसे आप गर्म दूध में मिलाकर पिएं।
- **ग्रीन टी का करें सेवन :** ग्रीन टी एंटी माइक्रोबियल गुणों से खजाना होती है, जो धूल मिट्टी से होने वाली एलर्जी से राहत दिलाने में बहुत हद तक मददगार है। तो एलर्जी से राहत पाने के लिए 1 कप गर्म पानी में 1 छोटी चम्मच शहद और 1 छोटी चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण में 1 ग्रीन टी का बैग डालें और इसका सेवन करें। दिन में दो बार इसे पिएं।

### बढ़ता पॉल्यूशन हो सकता है

# सेहत के लिए बेहद खतरनाक, बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में लगभग 2 लाख लोग पिछले एक हफ्ते में अस्पताल में भर्ती हुए हैं इसकी वजह जानते हैं आप? पॉल्यूशन जी हां, प्रदूषण का स्तर वहां इतना बढ़ गया है कि लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। जिसकी वजह इंडस्ट्रीज, गाड़ियों से निकलने वाला धुआं और खेतों में जलाई जाने वाली फसल है। पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्री के अनुसार, वायु प्रदूषण के चलते तीन महीनों में लगभग 13 लाख लोग बीमार हुए हैं। जिनमें से 2 लाख लोग तो पिछले एक हफ्ते में हॉस्पिटल में एडमिट हुए हैं। जो काफी चिंताजनक है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हेल्थ मिनिस्ट्री ने लोगों से एन 95 मास्क लगाने की अपील की है। वहीं, बच्चों और महिलाओं को घरों से न निकलने की सलाह दी है। पॉल्यूशन को लेकर गंभीर होने की जरूरत है, क्योंकि यह क्या बड़े, क्या बच्चे हर किसी के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। तो पॉल्यूशन से सेहत पर क्या असर पड़ता है और कैसे करें इससे अपना बचाव, इसके बारे में जान लेना है जरूरी।



#### एयर पॉल्यूशन से घट रही लोगों की उम्र

एयर पॉल्यूशन से आज दुनिया के कई देश जूझ रहे हैं। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी ने अपने सालाना एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स में कहा कि भारत में एयर पॉल्यूशन से लोगों की उम्र 5 साल घटती जा रही है। वहीं दुनिया में यह आंकड़ा 2.2 साल है। बांग्लादेश के बाद भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है।

#### पॉल्यूशन का इन लोगों पर पड़ता है ज्यादा असर

- हार्ट और लंग पेशेंट
- गर्भवती महिलाएं
- सीनियर सिटिजन
- 11 से कम उम्र के बच्चे

#### एयर पॉल्यूशन से सेहत पर पड़ने वाला असर

- हार्ट डिजीज का बढ़ना
- लंग का कमजोर होना
- बीपी का बढ़ना
- अस्थमा का खतरा बढ़ना
- आंखों में जलन होना
- दिमाग पर असर
- स्किन से जुड़ी परेशानियां

#### पॉल्यूशन से कैसे बचें

- ट्रैफिक वाले एरिया में जाने से बचें।
- सुबह आउटडोर एक्सरसाइज या वॉक न करें।
- मोबाइल से पॉल्यूशन लेवल चेक करें।
- स्मोकिंग से दूरी बनाए रखें।
- डाइट में विटामिन सी जरूर लें।
- किचन के अंदर और बाथरूम में एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल करें।
- पॉसिबल हो तो घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं।
- बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहनें।

# भाभी मां ने अपने बॉयफ्रेंड से अपनी ही गोद ली बेटी का कराया रेप

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले के ग्रीन व्यू होटल के पास स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी से आ रही है। जहां बीते रोज एक मामला सामने आया था। जहां एक भाभी मां ने अपने बॉयफ्रेंड से अपनी ही गोद ली बेटी का रेप कराया था। इसकी शिकायत पीडित के भाई और गोद लिए अनुसार पिता ने कोतवाली में दर्ज करायी थी। पुलिस ने इस 342,366,376,109,506,120-बी के तहत मामला दर्ज किया है।पीड़िता के भाई ने शिकायत दर्ज करायी थी कि 28 मार्च को बह अपने काम पर गया था। जब शाम को घर वह घर पहुंचा तो बच्चों और उसके माता पिता ने बताया कि दीदी और मां घर पर नहीं है। इसके बाद युवक ने उनको तलासने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद युवक ने अपनी 30 साल की पत्नि और 16 साल की नाबालिग बेटी के गुमशुदा हो जाने की शिकायत शहर के कोतवाली थाने में पहुंच कर दर्ज करायी। इस मामले में 30 मार्च की शाम को नबाबालिग के साथ उसकी भाभी मां को जीआरपी पुलिस ने दिल्ली वाली ट्रेन में मुरैना मे पकड लिया और कोतवाली पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पीडिता के भाई ने इस मामले में सही जानकारी न मिलने के चलते इसकी शिकायत बालआयोग में दर्ज करायी थी।नाबालिग पीडिता ने बताया कि मेरे माता पिता की मौत के बाद मुझे अनाथ आश्रम भेज दिया गया था। बहां से मेरे चचेरे भाई ने मुझे गोद ले लिया था। में अपने भाई और दादा दादी के साथ खुश थी। बताया कि मेरी भाभी किसी लड़के से बात करती थी। बात करने बाले फोन को भाभी ने मुझे दे दिया था। जो दादी ने मुझसें छीन लिया।इसके बाद बीते दिनो भाभी मुझे अपने साथ यह कहकर ग्वालियर ले गई कि तुम मेरे साथ चलो में तुम्हे पढ़ालिखाकर अच्छी जगह शादी करा दूंगी क्योंकि हाल ही में मेरे पास मोबाईल मिलने पर भाई ने मुझे डांटा था। इसी के चलते भाभी मुझे अपने साथ ग्वालियर ले गई। इसके बाद बस स्टैंड पर उतरते ही उन्होंने लोकेन्द्र धाकड़ को फोन लगा दिया और वह बस स्टैंड हमें लेने आ गया और हमें एक ऑटो से गुडा गुडी के नाके के पास अपने एक दोस्त के कमरे पर ले गया। भाभी मां ने मुझे सबसे अंदर वाले कमरे मे बंद कर दिया और उस कमरे में लोकेंद्र धाकड़ को भेज दिया जहां उसने मेरा रात भर रेप की बारदात को अंजात दिया। चिल्लाने के बाद भी मेरी किसी ने मदद नहीं की।इस मामले में आरोपी लोकेन्द्र धाकड़ निवासी बिजयपुर जिला श्योपुर जो कि बैराड़ में फोटोग्राफी का काम करता है उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में नाबालिग पीड़िता ने बताया कि आरोपी लोकेन्द्र चोरी चुपके से भाभी से मिलने घर पर भी आता था। उनका संबंध किसी शादी में फोटोग्राफी के दौरान हुआ था। बताया कि भाभी और लोकेन्द्र मिलकर मेरा बच्चा पैदा करकार दिल्ली में मुझे बेचने की तैयारी में थे। और बच्चा होने के बाद दोनो शादी करना चाहते थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी और उसकी प्रेमिका पीड़िता की भाभी पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर एसडीएम पोहरी ने की कार्यवाही

## सरपंच पति के साथ चार अन्य को भेजा जेल



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-शिवपुरी जिले कि पोहरी विधानसभापोहरी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर पोहरी एसडीएम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने बताया कि ग्राम खैरारा बनबारीपुरा के शासकीय भूमि सर्वे न. 251 और 314 की 50 बीघा भूमि पर ग्राम पंचायत बनबारीपुरा के सरपंच पति रूप सिंह पुत्र राम दयाल कुशवाह के साथ उसके तीन भाई नंद किशोर, राकेश और महाराज सिंह के साथ ग्राम के कल्ले कुशवाह पुत्र मोहर सिंह को 15 दिन के लिये सिविल कारागार पोहरी भेजा गया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पोहरी मोतीलाल अहिरवार ने अतिक्रमणकारियों को मौके से गिरफ्तार कराकर जेल भेज दिया है। लंबे समय से शासकीय भूमि पर बलपूर्वक कब्जा कर खेती कर रहे थे। प्रशासन ने मौके पर खाली कराने के कई प्रयास किये लेकिन सरपंच और उसके परिवार के द्वारा अवरोध पैदा किया जाता रहा है। शांति व्यवस्था भंग करते हुये भूमि से कब्जा नहीं छोड रहे थे। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने गुरुवार को मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 संशोधन वर्ष 2018 की धारा 248 (2) के तहत सरपंच पति और चार अन्य को जेल भेजा है। मोतीलाल अहिरवार ने बताया की अन्य अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्यवाही की जाएगी और शासकीय भूमि को मुक्त कराया जाएगा

# एक आरोपी के कब्जे से एक देसी 12 बोर की अधिया जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक व्दारा चलाये जा रहे अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान में अंतर्राज्यीय चैकिंग प्वाईट जीरो प्वाईट ग्राम लहर्रा में वाहन चैकिंग के दौरान दिनांक 02.04.24 को एक बिना नम्बर की लाल रंग की हीरो होन्डा मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति को रोककर बैंक किया तो उसकी कमर में पीछे की तरफ एक देशी 12 बोर की अधिया एवं एक जिन्दा कारतूस नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुमित पुत्र प्रीतम पाल उम्र 25 साल निवासी ग्राम जैठकीत बसई जिला दतिया से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

**उक्त कार्यवाही,** में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सउनि सतीश जयन्त, प्रआर. 548 दीपचंद, आर. 957 देशराज गुर्जर आर. 907 अरूण मेवाफरोश की सराहनीय भूमिका रही।

# एमआरएफ पेस फाउंडेशन एकेडमी चेन्नई के लिए क्रिकेट अकादमी शिवपुरी के खिलाड़ी रामवीर सिंह गुर्जर चयनित

## विश्वविख्यात गेंदबाज ग्लेन मेग्राथ और डेनिस लिलि के मार्गदर्शन में सीखेंगे बॉलिंग की बारिकियां

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** एमआरएफ पेस फाउण्डेशन एकेडमी चेन्नई में गतदिनों आयोजित चयन ट्रायल में खेल अकादमी के डे- वोर्डिंग खिला?ी रामवीर सिंह गुर्जर द्वारा शानदार बालिंग का प्रदर्शन, खेल कौशल और शारीरिक दक्षता के साथ किया गया। जिसके फलस्वरूप खिलाड़ी रामवीर सिंह गुर्जर का चयन एमआरएफ पेस फाउंडेशन एकेडमी चेन्नई में नियमित प्रशिक्षण के लिए किया गया है। एमआरएफ पेस फाउण्डेशन एकेडमी चेन्नई में प्रशिक्षण शिविर 01 अप्रैल को प्रारंभ हुआ है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के के. खरे ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने वर्ष 2020 में राज्य खेल अकादमी शिवपुरी में प्रवेश लिया था वर्तमान में रामवीर गुर्जर राज्य किकेट अकादमी शिवपुरी में डे-वोर्डिंग स्कीम के खिलाड़ी है जो अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अरूण कुमार सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। अन्डर 23 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के कारण रामवीर को एमआरएफ पेस फाउण्डेशन अकेडमी चेन्नई में भागीदारी करने का अवसर मिला था। रामवीर के अथक प्रयासों और शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें चयनित किया गया।विश्व के ख्याति प्राप्त गेंदबाज ग्लेन मेग्राथ और डेनिस लिलि जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से रामवीर को बॉलिंग बारीकियां सीखने का अवसर मिलेगा।उल्लेखनीय है कि खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा शिवपुरी में म.प्र. राज्य क्रिकेट अकादमी का संचालन वर्ष 2014 से किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत बोर्डिंग एवं डे-बोर्डिंग अकादमी संचालित है। इसके साथ जिला क्रिकेट कोचिंग सेंटर भी संचालित है। जिसमें कोई भी खिलाड़ी प्रवेश लेकर अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अरूण कुमार सिंह के मार्गदशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं

# अवैध रुप से 315 बोर का कट्टा एक जिंदा राउण्ड के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब माफियाओं की धरपकड हेतु जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है उक्त अभियान के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पोहरी सुजीत सिंह भदौरिया जी के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 03.04.2024 को थाना प्रभारी गोवर्धन उनि. राघवेन्द्र यादव को जरिये मुखबिर की सूचना पर से टीम घटित की गयी टीम में प्रआर. 733 प्रदीप गुर्जर एवं आर. 966 अवधेश शर्मा को तस्दीक हेतु भेजा गया तो गाजीगढ़ तोमर क्रेशर प्लांट के पास रोड़ पर एक व्यक्ति कमर मे बायीं तरफ 315 बोर का कट्टा लिये अपराध घटित करने के आशय से खड़ा है



। जो सफेद सर्ट एवं काले रंग का पेट पहने है। मुखबिर सूचना से हमराह फोर्स के साथ मुखविर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान तोमर क्रेशर प्लांट के पास रोड़ पर ग्राम गाजीगढ़ पहुंचा तो मुखबिर के बताये हुलिया का व्यक्ति खडा हुआ था जिसे पकड़ा नाम पता पूछा तो कभी कुछ कभी कुछ बता रहा था, फिर हिकमतअमली से पूछा तो उसने अपना नाम सोनू बैरागी पुत्र नन्नू बैरागी उम्र 27 साल निवासी ग्राम गाजीगढ़ थाना गोवर्धन जिला शिवपुरी का होना बताया संदेह होने पर सोनू बैरागी की तलाशी ली गई तो बायीं तरफ कमर में एक लोहे का देशी कट्टा 315 बोर का मिला कट्टे को खोलकर देखा तो कट्टा लोडेड था कट्टे के चेम्बर में एक जिन्दा राउण्ड 315 बोर का था। उक्त कट्टे एवं राउण्ड को रखने के सम्बन्ध में सोनू बैरागी से लाईसन्स चाहा तो सोनू बैरागी ने अपने पास कोई लाईसन्स नही होना बताया आरोपी सोनू बैरागी का कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पाया जाने से अपराध पंजीबद्द किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोवर्धन उनि. राघवेन्द्र सिंह यादव, प्रआर. 733 प्रदीप गुर्जर, आर. 966 अवधेश शर्मा का सराहनीय योगदान रहा है।

# अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब माफियाओं की धरपकड हेतु जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एंव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पोहरी सुजीत सिंह भदौरिया जी के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 03.04.2024 को थाना प्रभारी गोवर्धन उनि, राघवेन्द्र यादव को जरिये मुखबिर की सूचना पर से टीम घटित की गयी टीम में सउनि सत्येन्द्र तिवारी आर.727 अरुण कुशवाह आर. 1033 पवन वैश तस्दीक हेतु भेजा गया तो दो व्यक्ति ग्राम गाजीगढ़ में तालाब के पास शराब बेंचने की फिराक में खड़े है। जिसकी तस्दीक हेतु हमराह फोर्स मय विवेचना किट के मुखविर द्वारा बताये स्थान ग्राम गाजीगढ़ तालाब के पास पहुंचा तो प्राईवेट वाहन की लाईट की रोशनी में देखा कि ग्राम गाजीगढ़ तालाब के पास दो व्यक्ति दो नीली कैनों को एक डण्डे की सहायता से लटकायें खडे है। जो पुलिस को आता देखकर भागने लगे जिन्हे हमराह फोर्स की सहायता से घेरकर पकड़ा उनके नाम पते पूछे तो वह कभी कुछ कभी कुछ नाम बता रहे थे फिर हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो उन्होने अपने नाम छोटू लखन पुत्र श्रीलाल लखन उम्र 23 साल निवासी गाजीगढ़ एवं धर्मेन्द्र रावत पुत्र सूरज सिंह रावत उम्र 28 साल निवासी गिरवानी थाना गोवर्धन होना बताया उक्त व्यक्तियों से उक्त प्लास्टिक की दो नीली कैन कब्जे मैं लेकर ढक्कन खोलकर देखा तो उक्त दोनों कैनों में से देशी हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब की तीखी गंध आ रही थी। उक्त दोनों व्यक्तियों छोटू लखन पुत्र श्रीलाल लखन उम्र 23 साल निवासी गाजीगढ़ एवं धर्मेन्द्र रावत पुत्र सूरज सिंह रावत उम्र 28 साल निवासी गिरवानी थाना गोवर्धन से उक्त शराब बैचने, रखने, लाने ले जाने के संबंध में लायसेंस चाहा गया तो उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई लायसेंस ना होना बताया गया दोनों कैनों की कुल शराब 62 लीटर को जब्त किया गया, आरोपीगणों का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध पंजीबद्द किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोवर्धन उनि. राघवेन्द्र सिंह यादव सउनि, सत्येन्द्र तिवारी आर. 727 अरुण कुशवाह, आर.1033 पवन वैश का सराहनीय योगदान रहा है।

# वार्ड वासियों ने ठेका हटाने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## आबकारी उपनिरीक्षक से हुई तू-तू मैं-मैं

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

**गोहद ।**वार्ड क्रमांक 16 गांधीनगर गल्ला मंडी तिराहा गाय वाला चौराहा पर शराब ठेकेदार द्वारा नवीन दुकान खोल दी है। जिससे कि वार्ड वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते महिला पुरुषों लगभग एक सेकड़ा लोगों ने शराब दुकान के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया ।इससे पूर्व वार्ड वासियों ने शराब की नवीन दुकान को हटाने के लिए एसडीएम पराग जैन को ज्ञापन दिया। तत्पश्चात आबकारी उप निरीक्षक आर एस तिवारी ने आकर शिकायतकर्ताओं को कहा कि घर बैठकर बात करेंगे इसी बात पर महिला पार्षद राजा बेटी सहित लगभग एक सेकड़ा लोगों ने आबकारी उप निरीक्षक स्पष्ट रूप से कहा।कि यदि शाम तक दुकान यहां से स्थानांतरित नहीं की गई तो हम धरने



पर बैठे रहेंगे एवं आत्मदाह भी कर लेंगे। उसके बाद विवाद बढ़ते देख उप निरीक्षक मौके से चले गए लेकिन सभी वार्ड वासी शराब दुकान के सामने ही धरने पर बैठे रहे। यहां बता दें कि जिस जगह शराब की दुकान खोली गई है वहां पूरी गांधीनगर बस्ती के समीप है। वही गाय वाला चौराहा होने से धमसा, धनौली चंदाहरा,भगवासा ,सिरसोदा, आदि गांव से आने वाले लोगों के लिए प्रतीक्षालय बने हुए हैं शराब की दुकान के बगल में ही चंबल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, मंदिर ,पेट्रोल पंप, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थल बने हुए हैं जिन सार्वजनिक स्थलों पर बैठकर लोग शराब पीते हैं।और उपद्रव करते हैं। करने पर बैठने वालों में अविनीश उर्फ बिल्लू सेमर, राजा बेटी पार्षद वार्ड 16, सर्वेश, हेमंत, अनिल, चिंतामणि, कौशल, आशीष, राजवीर सिंह, सत्येंद्र ,सोनू ,योगेश सिंह, हाकिम सिंह रामबरन, नरेश ,पवन नागर,गुड्डी बाई, सीमा, प्रेमा बाई,अनीता,सुनीता, गिरजा, चरण सिंह, रजनी, कमलेश ,बनवारी आदि लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोग मोजूद रहे।

# एएसपी ने वाहन चालकों को समझाएं ट्रैफिक नियम, बोले नियमों की अनदेखी के चलते होते हैं हादसे ब नियमों का पालन करने की अपील





**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर/गुरुवार को मालनपुर थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक गीता सिकरवार पुलिस वल के साथ हाईवे पर वाहन चेकिंग और चालानी कार्रवाई कर रही थीं तभी ग्वालियर की तरफ से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक निकल रहे थे हाईवे पर चल रही चेकिंग के दौरान उन्होंने अपना वाहन रुकवाया और उतर कर वाहन चालकों को समझने लगे उन्होंने कहा की नियमों की अनदेखी के चलते हादसे होते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मौतें सड़क हादसों में हो रही हैं। इनमें अधिकांश वह दो पहिया वाहन चालक या उनमें बैठे लोग होते हैं जिन्होंने बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहना होता है उन्होंने कहा कि लोगों में ड्राइविंग के साथ ही मोबाइल पर बात करने की आदत भी बढ़ी है।तमाम सड़क हादसों में यह आदत भी वजह सबित हुई है। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यातायात के नियम वाहन चालकों की सुरक्षा और जीवन रक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। लोगों को इनका महत्व तब समझ में आता है जब वह हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसलिए वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें उन्होंने वाहन चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों को भी शाबाशी दी और कहा कि ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करें और कहा कि आपकी जान आपके परिवार के लिए जान कितनी कीमती है इसलिए सावधानी से वाहन चलाएं एवं हेलमेट पहने एवं नसे में वाहन ना चलाएं इस अवसर पर उप निरीक्षक गीता सिकरवार, उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव, सहायक उपनिरीक्षक जनार्दन सिंह तोमर के अलावा थाने का पुलिस बल मौजूद रहा

# पीएनबी एटीएम से संदिग्ध स्थिति में हुए लाखों रुपए गायब, पुलिस थाना में की शिकायत



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**



गोहद- सदर बाजार इटायली गेट के पास स्थित पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) के एटीएम से 32 लाख रुपए गायब होने की सूचना से खलबली मच गई।पीएनबी के एटीएम मशीन का लॉक भी नहीं टूटा है।पैसे गायब होने की सूचना से बैंक प्रबंधन में खलबली मच गई।एटीएम से गायब हुए रुपए की तलाश में गोहद थाना पुलिस में आवेदन दिया है। वहीं पुलिस भी इस हाईटेक चोरी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है।जानकारी के अनुसार पीएनबी के सदर बाजार में इटायली गेट के पास स्थित एटीएम में 22 मार्च को पैसे लोड गए थे। इसके बाद 24 मार्च होली के दिन बैंक के मैनेजर औचक रुप से उक्त एटीएम बूथ पर पहुंचे तो उसके लॉकर का हैंडल हिल रहा था, जिस पर उन्हें शंका हुई और उन्होंने तकनीकी टीम को अवगत कराया। इसके बाद इंदौर, ग्वालियर से तकनीकी टीम एक अप्रैल को गोहद पहुंची। काफी समय बाद एटीएम का लॉकर खोला जा सका। बैंक प्रबंधक ने ट्रेन में देखा। जब ऑनलाइन तो एटीएम के अंदर 31 लाख 89 हजार रुपए की रकम दिख रही थी। लेकिन मशीन के अंदर रुपयों की ट्रे पूरी तरह से खाली थी। वहीं बैंक प्रबंधन को 24 मार्च को लॉक खराब होने का शक होने पर भी सूचना करने के बाद एक अप्रैल के लॉकर खुलवाया गया। जबकि 22 मार्च से राशि आहरण नहीं होने के बाद भी प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरती गई। एटीएम में 10 दिन तक पैसे नहीं डाले गए। पुलिस इन सभी बिंदुओं को लेकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जानकारी निकाल रही है।

# भावी पीढ़ी को लाभ देने महिने में वीस दिन श्री मंत सिंधिया आपके वीच रहते हैं : प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया

### राज महल की जगह जनता की सेवा में लगे हैं श्री मंत सिंधिया सिंधिया : विजय धुर्रा





### लाड़ली बहना योजना के पीछे भी श्री मंत सिंधिया थे : जज्जी

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

अशोक नगर। केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में आज उनकी जीवन संगनी श्री मंत प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने अग्रवाल पैलेस में विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के प्रमे की ताकत से ही श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया महिने में वीस दिन आप लोगों को के लिए काम करते रहते हैं सिंधिया परिवार अम्मा महाराज श्री राजमाता साहब के संस्कार है कि सिंधिया परिवार आगे बढ़ कर भावी पीढ़ी के लिए काम कर रहा है मैं आप लोगों के लिए नहीं है वर्षों मैं भी इस पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर रही हूं आज अंचल की सड़कों बिजली पानी सहित सभी सुविधाएं आज गांव गांव को मिल रही है आज श्री मंत लाडली पायलेट प्रोजेक्ट लेकर आये है जिसमें वेटीया पायलट वनकर नई राह चुनेगी इन सब के लिए आपको सात तारीख को घर से निकलकर कमल का वटन दवाकर श्री मंत सिंधिया को भारी मतों से विजय बनाएइसके पहले आज दोपहर में अशोक नगर पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्री मंत प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया का आत्मीय अभिनन्दन किया

**श्री मंत कों अपना मत और समर्थन दें**

–जज्जी सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि आज जो मध्यप्रदेश में लाडली बहना योजना चल रही है इसके पीछे भी केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ही है जिन्होंने ने तात्कालिक मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मिलकर मध्यप्रदेश में लागू कराया आप सभी को श्री सिंधिया के समर्थन में आने वाली सात तारीख को कमल पर वोट देकर विजय वनाये महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी श्री मति लखन यादव श्री मति लखन यादव ने स्वागत उद्बोधन दिया

**महलों के सुख छोड़ कर श्री मंत सिंधिया जनता की सेवा में लगे हैं-- विजय धुर्रासभा को सम्बोधित करते हुए**

– पूर्व सांसद प्रतिनिधि विजय धुर्रा ने कहा कि जन जन लाडले नेता केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया महलों का सुख छोड़ कर हमारे लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं आज वे चाहते तो इस आपाधापी की जिदंगी के स्थान पर सुख आनंद का जीवन जीते लेकिन श्री मंत सिंधिया राज महलों को जनता की सेवा में लगे हुए हैं तो हम सब का भी कर्तव्य वनता है कि हम उनके हाथों को मजबूत कर आने वाली सात तारीख को कमल के फूल पर अपना मत और समर्थन देकर भारी मतों से विजय बनाए

**ये भी रहे उपस्थित**

–सहित अन्य लोगों ने भी सभा को सम्बोधित किया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया हरिओम नायक,विधानसभा संयोजक श्री सचिन चौधरी,प्रभारी श्री प्रतापभान सिंह यादव,मंडल अध्यक्ष श्री सलिल त्रिपाठी,जिला मंत्री श्री मनोज शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ज्ञानेश्वरी सक्सेना,पार्षद श्री महेंद्र भारद्वाज, श्री प्रेमन्द्र ताय? जॉर्ज,श्री धर्मेंद्र रघुवंशी,श्री मोनू रघुवंशी,श्री सत्तू लोधी,श्री गोपाल ओझा,श्री राजकुमार यादव नगेश्री सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब भारत माघ में घुसकर मरता है परासर छेत्र के विकास को देगे गति ,संध्या राष्ट्र के सम्मान का चुनाव, आर्य



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

*गोहद ,भिण्ड दतिया लोकसभा छेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में चुनाव कार्यालय का उदघाटन नया बस स्टैंड मो रोड पर भिण्ड दतिया लोकसभा चुनाव प्रभारी लोकेंद्र परासर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ मंच पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्टीय अध्यक्ष लालसिह आर्य पूर्व विधायक रणवीर जाटव ,पूर्व जिलाध्यक्ष केशव भदौरिया, अबधेश कुशवाहा, बीरेन्द्र राणा ,संजीव काकर, रवि सेन जेन कोकसिह नरवरिया ,रामबाबू उपाध्याय, गब्बर सिंह गुर्जररामनिवास शर्मा भाजपा प्रत्याशी सन्ध्या राय उपस्थितथे मंच संचालन आशीष शर्मा ने किया भाजपा चुनाव कार्यालय के उदघाटन अवसर पर भिण्ड दतिया लोकसभा प्रभारी लोकेन्द्र परासर ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना जब विदेशी ने की तो कांग्रेस की भावनाएं स्वदेशी कैसे हो सकतीहै उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रतिबद्धता है कई नेता बदले लेकिन बिचार नही बदले जब भाजपा पूर्ण बहुमत में आई तो राम मंदिर का निर्माण किया जबकि कांग्रेस पार्टी तो राम के अस्तित्व को ही नही मानती कश्मीर से 370 धारा को हटा कर प श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी उन्होंने कहा कि पूर्व में देश मे असुरक्षा का माहौल रहता था जगह जगह बम ब्लास्ट होते थे लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार आते ही सुरक्षा का माहौल है अब दुश्मन को माध में घुसकर मारा जाता है यहाँ अनुसूचित जाति राष्टीय अध्यक्ष लालसिह आर्य ने कहा कि यह चुनाव आम चुनाव नही है देश के सम्मान स्वभिमान का चुनाव है हमे किंतु परन्तु पर ध्यान न देकर चुनाव प्रचार में जुट जाना है हमे तापमान पर नही अधिक से अधिक मतदान पर ध्यान देना है हमे गोहद में भाजपा की जीत का रिकार्ड कायम करना है यहाँ भाजपा प्रत्याशी संध्या राय ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुजे आशीर्वाद देकर मुझ पर विश्वास व्यक्त किया इन पांच वर्षो में मुजे परिवार जैसा स्नेह मिला में आपको भरोसा देती हूं कि आपके सहयोग से छेत्र के विकास को गति प्रदान करेंगे*

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के विद्यार्थी का नवोदय विद्यालय में चयन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी नोना अहिरवार पिता हल्ले अहिरवार, माता हीरा अहिरवार निवासी टिकरी पिपरिया नें नवोदय परीक्षा में सफलता हासिल की है नवोदय विद्यालय में चयन होने पर नोना के माता पिता ने उनके विद्यालय ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों का मुँह मीठा खिलाकर नोना को आशीर्वाद दिलाया। शिक्षको ने नोना के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुये जीवन की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और आने वाले समय में खूब तरक्की करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। बता दें नोना एक मध्यम वर्ग के परिवार से आता है जो एक होनहार विद्यार्थी है नोनालाल ने जानकारी देते हुए बताया उन्होंने अपनी पूरी लगन से मेहनत की है उनकी इस मेहनत के पीछे स्कूल के सभी शिक्षकों, स्कूल के संचालक अंशु दुबे सर का विशेष सहयोग रहा जिन्होंने मुझे अच्छा मार्गदर्शन दिया। नोना नें बताया कि अब वह भविष्य में भी अच्छी मेहनत करके अपने जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करुँगा। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बांदकपुर के संचालक अंशु दुबे नें नोना के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मां कर्मा देवी जयंती मनाने एवम रिलीज हो रही मेरी मां कर्मा फिल्म देखने की अपील

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। 5अप्रैल को साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती पूरे देश प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी।इसी श्रृंखला में दमोह जिले में भी मां कर्मा देवी जयंती मनाई जा रही है। भारतीय तेलीक साहू राठौर महासभा जनगणना अभियान के राष्टीय संयोजक सत्येन्द्र साहू ने सभी साहू राठौर समाज से अपील करते हुए कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1008वीं जयंती समारोह पुरे देश प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी।दमोह में सुबह 8ः30 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। 9 बजे साहू धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हटा में कोशलाधीस मंदिर में सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना दोपहर से प्रसाद वितरण किया जाएगा। हिंडोरिया में नन्नी माता से दोपहर एक बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी।शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।रनेह में दोपहर एक बजे शोभायात्रा निकालकर कोस्लाधीश मन्दिर में समापन किया जाएगा। शाहगढ़ में बगिया मौहल्ला से श्री राम पार्क तक दोपहर एक बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रहली में शाम चार बजे नवदुर्गे गार्डन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। बड़ा मलहरा में हनुमानबाग में सुबह 9बजे पूजा अर्चना शाम को लोक संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। देवरी में साहू समाज मन्दिर से सुबह 9ः 30बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। सत्येन्द्र साहू ने अपील करते हुए कहा आप सभी स्वजातीय बंधुओ से अपील है कि अपने अपने क्षेत्रों में मां कर्मा देवी जयंती समारोह में सपरिवार सम्मिलित हो कर धर्म लाभ अर्जित करें। एवम 5अप्रैल को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही फिल्म मेरी मां कर्मा जरुर देखे। बड़े पर्दे पर ÷मेरी मां कर्मा÷ फिल्म 5अप्रैल को रिलीज होने जा रही है फिल्म मप्र शासन ने टैक्स फ्री की हुई हैं।अपील करने वालो में दमोह से चीकू साहू,अनुराग साहू, हटा से पन्नालाल साहू, लखन मोदी, देवरी से अशोक साहू, परसू साहू, बंडा शाहगढ़ से जगदीश साहू, रनेह से श्याम नायक, हिंडोरिया से राजेंद्र साहू, संजय साहू,बड़ा मलहरा से कोमल साहू सहित कई प्रमुखों ने अपील की है।

## 300 से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ दमोह पहुंचे भाजपा युवा नेता अभिषेक भार्गव



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। रहली विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बेटे अभिषेक भार्गव 300 से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ दमोह पहुंचे जहां उन्होंने राहुल सिंह लोधी के नामांकन एवं रोड शो में शामिल होकर शहर कि जनता का हाथ जोड़कर अभिवादन किया । बता दें अभिषेक भार्गव पिछले कुछ दिनों पूर्व दमोह लोकसभा से सबसे बड़ी जीत रहली विधानसभा से होने का दावा कर चुके है साथ ही लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय नेता के रूप में लगातार काम कर रहे है और दमोह लोकसभा में पिछले 10 वर्षो से धार्मिक और गैर राजनैतिक कार्यक्रमों में शामिल होते रहे है। अभिषेक भार्गव के साथ बडी संख्या उनके विधानसभा एवं दमोह विधानसभा के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## नियम विरूद्ध संचालित चार पेयजल आरओ प्लांट व दुकानें सील्ड

**खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीमों ने किया औचक निरीक्षण**

**नमूने लेकर जाँच के लिए भेजे**

ग्वालियर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा गुरूवार को ग्वालियर शहर में आधा दर्जन पेयजल आरओ प्लांट व दुकानों का निरीक्षण किया गया। नियम विरूद्ध संचालित चार दुकानों को इन टीमों द्वारा सील्ड कर दिया गया है। जिले में खाद्य व पेयजल पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी क6]ा में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने गुरूवार को विभिन्न पेयजल आरओ प्लांट व दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा प्रशासन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने जीवाजी नगर ठाठीपुर स्थित श्रीजी कॉर्पोरेशन वाटर प्लांट का निरीक्षण किया। साथ ही आरओ प्यूरीफाइड वाटर का नमूना लिया। इस फर्म पर खाद्य रजिस्ट्रेशन, एनएपीएल लैब से वाटर टेस्ट रिपोर्ट, उपकरण के कैलीब्रेशन सर्टिफिकेट, वाटर टैंक के सफाई संबंधित दस्तावेज व क्लीनिंग शेड्यूल के दस्तावेज नहीं मिले, इस कारण इस फर्म को सील्ड कर दिया गया है। इसी तरह पृथ्वीनगर सिरोल रो? स्थित बालाजी आरओ वाटर सप्लायर्स, शिवनगर सिरोल रो? मुरार स्थित कैलादेवी प्यूरीफिकेशन व सागरताल रो? स्थित बालाजी फूड एण्ड बेवरेज को इसी प्रकार के दस्तावेज न मिलने पर सील्ड कर दिया गया है। इन सभी दुकानों से पेयजल के नमूने भी लिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इसके अलावा जलालपुर रो? स्थित एआर ट्रेडर्स व सागरताल चौराहा स्थित निशा बेवरेज का निरीक्षण कर पेय पदार्थ व पेयजल के नमूने लिए हैं

# दमोह भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी ने जमा किया नामांकन

### रोड शो में शामिल हुये - प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष







### रथ पर चढ़कर जनता से माँगा आशीर्वाद

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता जन-जन तक पहुंच चुकी है। जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है। पार्टी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी दमोह ही नहीं, हर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत हासिल करेगी। प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत का इतिहास बनाएगी। यह बात दमोह पहुंचें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दमोह में पार्टी प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं वरिष्ठ नेताओं ने राहुल लोधी का नामांकन जमा कराया।

**दमोह की जनता लुटा रही है अपार स्नेह**- डॉ. मोहन यादव रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दमोह की धरती पर यह रोड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दमोह की जनता भारतीय जनता पार्टी पर अपार स्नेह लुटा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जन-जन में लोकप्रिय हैं और भारतीय जनता पार्टी का प्रयास हर व्यक्ति तक पहुंचकर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से आशीर्वाद मांगना है। डॉ. यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकारों के कामों को पसंद करती है और उसे मोदी जी की कार्यप्रणाली पसंद है। डॉ. यादव ने कहा कि दमोह जैसे शहर में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह बता रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनसमर्थन का स्तर क्या है। उन्होंने कहा कि जनता का यह उत्साह बताता है कि लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से भाजपा का अबकी बार, 400 पार का नारा पूरा होगा। हम छिंदवाड़ा में भी जीत हासिल करेंगे और निश्चित रूप से प्रदेश की 29 की 29 सीटें भाजपा को मिलेंगी।

**भाजपा की तरफ से जनता लड़ रही है चुनाव**-विष्णुदत्त शर्मा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और हमारे कार्यकर्ता उत्साह से भरे हैं। दमोह में राहुल लोधी के नामांकन के अवसर पर उमड़ा अपार जनसमूह यह बताता है कि इस बार जनता ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रही है। जनता ने तय कर लिया है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाना है और जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं के उत्साह के आधार पर भारतीय जनता पार्टी सभी 29 सीटें जीतकर इस बार इतिहास बनाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बूथ पर 370 नए कमल के फूल डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को समर्पित करने का लक्ष्य दिया है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी 64523 बूथों पर न्यू ज्वाइनिंग का अभियान चलाया जाएगा और लाखों लोगों को मोदी जी के परिवार में शामिल करके नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

तीन गुल्ली चौराहे से भाजपा कार्यालय तक किया मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने तीन गुल्ली चौराहे से भाजपा कार्यालय तक रोड शो किया और पार्टी प्रत्याशी राहुल लोधी की विजय के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। रोड शो का जगह-जगह पर भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश चतुर्वेदी,पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, राज्य मंत्री लखन पटेल, राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, लोकसभा प्रभारी विनोद यादव, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित हजारों ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष हजारों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता**-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष दमोह जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल एवं श्रीमती मनीषा दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिदोलिया, जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह, राजकुमार गुप्ता, डॉ. आलोक अहिरवार सहित 1 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आप सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है। लोगों को लगता है कि देश के लिए अगर कुछ किया जा सकता है,

# नई गाइड लाइन लागू, 100 फीसदी की बढ़ोतरी को किया 70 से 90 फीसदी के बीच

चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद पंजीयन महानिरीक्षक ने बुधवार से नई कलेक्टर गाइड लाइन को लागू कर दिया है। शहर में 26 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। जिले में औसतन वृद्धि 13.84 फीसदी की है। जिला मूल्यांकन समिति ने 93 लोकेशन पर 100 फीसदी की बढ़ोतरी की थी, केंद्रीय मूल्यांकन समिति ने उसे घटाकर 70 से 90 फीसदी के बीच कर दी है। 4 अप्रैल से रजिस्ट्री नई गाइड लाइन पर होगी।केंद्रीय मूल्यांकन समिति ने एक अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू करने का आदेश जारी कर दिया था। इसके चलते 31 मार्च को 420 रजिस्ट्री हुई थी, लेकिन पंजीयन महानिरीक्षक ने आचार संहिता का हवाला देते हुए गाइड लाइन लागू करने पर रोक लगा दी थी। नई गाइड लाइन लागू नही होने को लेकर लोग राहत महसूस कर रहे थे। नया वित्त वर्ष लागू होने के दिन से ही पंजीयन विभाग का सर्वर बंद था। तीसरे दिन भी यह नहीं खुला था। लेकिन नई गाइड लाइन लागू होने के बाद रजिस्ट्री शुरू हो जाएंगी। वरिष्ठ जिला पंजीयक दिनेश गौतम का कहना है कि केंद्रीय मूल्यांकन समिति ने 100 फीसदी की बढ़ोतरी को निरस्त कर दिया था। उन लोकेशन पर 70 से 90 फीसदी की बढ़ोतरी है।

**नई कॉलोनियों में आएगा गाइड लाइन का भार**–नई गाइड लाइन में उन कॉलोनी के क्रेता पर बोझ आएगा, जो हाईवे के आसपास विकसित हुई हैं। इन कॉलोनी में गाइड लाइन कम थी। रजिस्ट्री अधिक थी। इस कारण नई कॉलोनी विकसित होने वाली जगहों पर गाइड लाइन बढ़ाई गई है।



पुरानी छावनी, बड़ागांव, शिवपुरी लिंक रोड, ग्वालियर वायपास, गिरवाई, तिघरा रोड आदि जगहों पर गाइड लाइन का बोझ अधिक आएगा।

इस तरह से लोकेशन पर बढ़ाई गई है गाइड लाइन

क्षेत्र 1-10 फीसदी 10-20 फी. 20-30 फी. 30-40 फी. 40-50 फी 50-100 फी 70-90 फीसदग्वालियर 30 166 222 78 129 152 93
डबरा 112 157 61 09 01 04 00
भितरवार 111 58 05 15 01 06 00
योग 253 381 288 102 131 162

(लोकेशन पर अलग-अलग गाइड लाइन बढ़ाई गई है। शहर क्षेत्र में 26 फीसदी व गांव में 10.06 फीसदी की बढ़ोतरी आई है।)

शहरी क्षेत्र की संपत्ति में बढ़ोतरी

क्षेत्र बढोतरी
ग्वालियर 26 फीसदी
डबरा 12.94 फीसदी
भितरवार 2.6 फीसदी
(तीनों क्षेत्र में औसत बढ़ोतरी 13.84 फीसदी)

कृषि भूमि में बढ़ोतरी

क्षेत्र बढ़ोतरी
ग्वालियर 12 फीसदी
डबरा 8.2 फीसदी
भितरवार 10 फीसदी
(औसतन बढ़ोतरी 10.06 फीसदी)

ग्वालियर में 44 नई लोकेशन बनाई

क्षेत्र नई लोकेशन मर्ज की डिलीट अब कुल लोकेशन
ग्वालियर 44 28 14 1498
डबरा 00 00 00 476
भितरवार 11 00 00 333

(अब शहर सहित जिले में 2307 लोकेशन हो गई हैं। 2023-24 में 2294 लोकेशन थी।)

# मास्टरमाइंड का यूक्रेन, हांगकांग में सामने आया नेटवर्क, मनी लॉन्ड्रिंग की थ्योरी आरोपी के खुलासे कर देंगे हैरान



रिटायर्ड शिक्षिका आशा भटनागर से 51 लाख रुपए की ऑनलाइन लूट की गुत्थी गहरी हो रही है। इसमें पकड़ा गया भिलाई का इंजीनियर कुणाल जायसवाल अब तेलंगाना पुलिस की रड़ार पर भी आ गया है। क्योंकि तेलंगाना में भी इसी तर्ज साइबर फ्रॉड हुआ है। उसमें लूटा पैसा भी पंजाब नेशनल बैंक की कश्मीर में उसी ब्रांच में जमा हुआ था, जिसमें आशा भटनागर से लूटी रकम फ्रॉडस्टर्स ने जमा की थी। उधर क्राइम ब्रांच को कुणाल का यूक्रेन और हांगकांग में नेटवर्क मिला है। पुलिस की नजर में कुणाल ऑनलाइन फ्रॉड में माहिर है। यूक्रेन और हांगकांग में क्रिप्टो करंसी का कारोबार जमाया है। लोगों से लूटा पैसा यहीं खपाता है। उधर कुणाल को पुलिस गिरफ्त से निकालने के लिए हाइलेवल पर ताकतें लग रही हैं। उसके मददगार कोशिश में लगे हैं पुलिस रिमांड पूरी होते ही कुणाल को जमानत पर छोड़ा जाए।

सीपी कॉलोनी निवासी आशा भटनागर 65 को डिजिटल किडनेप कर उनके बैंक एकाउंट से 51 लाख रुपए लूटने में पकड़ा गया कुणाल जायसवाल निवासी नेहरू नगर, भिलाई पुलिस को कुछ नहीं बता रहा है। उधर उसकी डिजिटल कुंडली खंगालने पुलिस को पता चला है कुणाल साइबर फ्रॉड का एक्सपर्ट है। आइपी एड्रेस (लोकेशन) छिपाकर वारदातें करता है। उसके फोन और नेटवर्किंग सिस्टम को खंगालने पता चला है आशा भटनागर के खाते से जिस दिन 51 लाख रुपया लूटा उस दिन कुणाल ने कुछ घंटों के अंदर 30 से ज्यादा देशों का सर्वर जंप किया था।

**वारदात के दिन खाते में 1 करोड़ रुपया**–पुलिस का कहना है आशा भटनागर के खाते से फ्रॉडस्टर्स ने 13 मार्च को 51 लाख रुपया लूट कर 46 लाख रुपया पीएनबी की कश्मीर ब्रांच में जमा किया था। इसी दिन कुणाल ने 46 लाख रुपया के विटक्वाइंन की खरीद फरोख्त की थी। इसके अलावा इसी खाते में उसी दिन 54 लाख रुपया और जमा हुआ था। इसी बैंक खाते को खंगालने कुणाल हाथ आया था।

**महादेव एप से कनेक्शन**–ऑनलाइन लूट के मास्टरमाइंड कुणाल का महादेव एप (ऑनलाइन सटटा) से भी कनेक्शन बताया जा रहा है। इनपुट पुलिस को भिलाइ से मिला है। इसमें बताया गया है महादेव एप के जरिए 6 हजार करोड के घोटाले में वांटेड रवि उप्पल भिलाई में कुणाल का पड़ोसी है। रवि इन दिनों दुबई में है। कुणाल भी दुबई की कंपनी में काम करना बताता है। इसके अलावा महादेव एप में दूसरा वांटेड सौरभ चंद्राकर बताया जाता है। उसका नाम हैदराबाद (तेलंगाना) के अन्ना रेडडी एप (ऑनलाइन सटटा) से भी जुडा बताया है। इधर बुधवार को तेलगांना पुलिस ने भी कुणाल के बारे में ग्वालियर पुलिस से डिटेल मांगी है। इन कडियों को जोडार पुलिस भी मान रही है कुणाल लोगों से लूटा पैसा विदेशों में क्रिप्टो करेंसी और दूसरे अवैध धंधों में खपाकर मनी लॉड्रिंग करता रहा है।

**मास्टरमाइंड की फैक्ट फाइल**–कुणाल जायसवाल का भिलाई की पॉश कॉलोनी नेहरू नगर में 12 हजार स्कॉवायर फीट में बहुमंजिला लक्जरी मकान है। घर में 12 से 15 कर्मचारी और 5 लक्जरी कार हैं। कुणाल के पिता को लकवाग्रस्त हैं।

**मनी लान्ड्रिंग में शामिल, कई एंगल पर जांच**–आनलाइन लूट में पकड़ा गया भिलाइ का इंजीनियर साइबर फ्रॉड में माहिर है। उसका हांगकांग, यूक्रेन में नेटवर्क सामने आया है। आरोपी मनी लॉड्रिंग में शामिल हो सकता है इस एंगल पर जांच की जा रही है। ऑनलाइन सट्टा कारोबार से भी उसके जुड़े होने की खबरें मिली हैं। उनकी तस्दीक की जा रही है।

**– धर्मवीर यादव, एसपी ग्वालियर**

# काव्या ने Youtube से सीखा था किडनैपिंग का तरीका, पापा से 30 लाख लेकर भागना चाहती थी रूस !

*शिवपुरी के बैराड़ की छात्रा काव्या ने डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने पर्ढ़ाई की जगह गलत राह चुन ली। उसने रशिया जाकर आसानी से एमबीबीएस करने के लिए गायब रहकर अपने अपहरण की कहानी रच डाली। इस साजिश का आइडिया उसे यूट्यूब से मिला। इसके बाद उसने रशिया से एमबीबीएस करने के लिए 30 लाख रुपए का खर्च फिरौती के नाम पर पिता से लेकर देश छोडने का इरादा कर लिया था। हालांकि छात्रा चाहती थी कि जब वह डॉक्टर बन जाएगी तो अपने माता-पिता को सारा सच बता देगी। कोटा पुलिस अब इस मामले में विधिक सलाह लेकर आगे कार्रवाई करेगी।इंदौर के खुड़ैल थाना क्षेत्र से मंगलवार को छात्रा काव्या और उसके दोस्त हर्षित यादव को पुलिस ने पकड़ा था। इनको कोटा पुलिस के हवाले कर दिया था। कोटा पुलिस की पूछताछ में छात्रा ने सारी सच उगल दिया। वह 2 अगस्त को अपनी मां के साथ कोटा पहुंची।*





*यहां कोचिंग में प्रवेश लेने का झूठ बोला तो मां शिवपुरी लौट गई। लेकिन कोटा में उसका मन नहीं लगा और वह इंदौर आ गई।* ***इंदौर में पढ़कर परीक्षा पास नहीं कर पाने का डर***–*छात्रा इंदौर में रहती रही, लेकिन उसे डर था कि पढ़ाई अच्छी नहीं होने से वह नीट परीक्षा पास नहीं कर पाएगी। ऐसा नहीं होने पर उसका डॉक्टर बन पाना मुश्किल है। इसलिए वह डॉक्टर बनने के विकल्प तलाशने लगी। उसे सर्चिंग में पता चला कि रशिया से एमबीबीएस करना आसान है। वहां फीस देकर सीधे प्रवेश मिल सकता है। इस पर करीब 30 लाख रुपए खर्च आ रहा था। इतनी बड़ी रकम उसके पास नहीं थी।*

***खुद के अपहरण, पिता से फिरौती का ड्रामा***–*छात्रा अपने साथी हर्षित के साथ रशिया से एमबीबीएस करने के लिए 30 लाख का इंतजाम करने की प्लानिंग करने लगी। उसे यूट्यूब से खुद के अपहरण और फिरौती का तरीका मिल गया। इसके बाद उसने अपनी रस्सियों से बंधी फोटो पिता के मोबाइल पर भेजी। बेटी की जान बचाने के लिए 30 लाख रुपए फिरौती मांगी। पिता इतनी बड़ी रकम का इंतजाम कर पाने से सक्षम नहीं हुए और मामला पुलिस तक पहुंच गया। कोटा पुलिस ढूंढने निकली।*





# घर में सो रहे थे बेटा-बेटी, दूसरे कमरे में पिता ने सुला दिया मां को मौत की नींद

ग्वालियर में एक कॉलेज संचालक ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। कॉलेज संचालक पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद खुद ही थाने पहुंचा और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की लेकिन उसकी तरकीब काम नहीं आई और पुलिस ने उसके जुर्म का पर्दाफाश कर दिया। आरोप है कि आरोपी पति के एक महिला से अवैध संबंध हैं और उसने प्यार में बाधा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए मार डाला।

**कातिल पति की प्लानिंग फेल**–ग्वालियर के महलगांव में रहने वाला रामनिज सिंह जादौन मंगलवार शाम को महाराजपुर थाना पहुंचा था जहां उसने पुलिस को बताया कि वो वायुनगर में रहता है और उसकी पत्नी सुप्रिया की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई है। रामनिज सिंह एक निजी कॉलेज का संचालक है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे शक हुआ और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो पता चला की महिला सुप्रिया की मौत हार्ट अटैक से नहीं बल्कि गला घोंटने के कारण हुई है।आरोप- गर्लफ्रेंड की खातिर घोंटा बीवी का गला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब पुलिस रामनिज सिंह के वायुनगर स्थित घर पहुंची तो पता चला की वो बीवी का अंतिम संस्कार करने के लिए अपने गांव चला गया है। पुलिस ने तत्काल एक टीम महलगांव रवाना की तो वहां पहुंचने पर भी रामनिज सिंह नहीं मिला वो फरार हो चुका था। पुलिस ने कुछ घंटों में ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के परिजन ने आरोप लगाया है कि आरोपी पति के एक महिला से अवैध संबंध हैं और पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए पति ने ही उसकी हत्या की है। घटना के वक्त आरोपी व मृतका के बेटा-बेटी भी घर पर थे और अपने अपने कमरों में सो रहे थे। अभी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# नए एयर टर्मिनल पर लैंड हुई पहली फ्लाइट दिल्ली से आए यात्रियों ने कहा- वाह... शानदार बिल्डिंग



ग्वालियर. राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट के नए एयर टर्मिनल पर पहली फ्लाइट दिल्ली से लैंड हुई। नए एयर टर्मिनल को लेकर शहर के साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को भी इसका बेसर्बी से इंतजार था। दोपहर 3.05 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की पहली फ्लाइट ने लैंड किया। इस फ्लाइट को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह था। दिल्ली से आने वाली फ्लाइट दोपहर 3.35 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। मंगलवार को दिल्ली से इस फ्लाइट में 69 यात्री आए और बेंगलुरु के लिए 112 यात्री रवाना हुए। एयर टर्मिनल के शुभारंभ के 22 दिन बाद पहली बार फ्लाइट आने से फ्लाइट की सुविधा मिली है।

**बहुत बढिया है एयरपोर्ट**–वर्षो से ग्वालियर से दूसरे शहरों के लिए यात्रा करते आ रहे है। लेकिन नए एयरपोर्टबिल्डिंग बहुत ही सुंदर बनाई गई है। इससे व्यापार और टूरिजम को बढ़ावा मिलेगा

# महासमुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के नामांकन में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव

## चरणदास के बयान पर बिफरे विष्णुदेव साय, कहा - पहिला लाठी मोला मारव







### प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और शर्मनाक

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे**

महासमुंद/रायपुर। महासमुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के नामांकन में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर दिये गए अमर्यादित बयान के लिए चुनौती देते हुए कहा चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूँ कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूँ, पहली लाठी मुझे मारे। कांग्रेसियों ने पहले भी मोदी जी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी। महासमुंद में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से खुद को लाठी से मारने की चुनौती देते हुए कहा कि चरणदास महंत का देश के प्रधानमंत्री के ऊपर दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है। इसकी हम कड़ी भर्त्सना करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मोदी जी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का सुअवसर मिला। मोदी जी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। उन्होंने पहले 5 साल के कार्यकाल में गरीबों के हित के लिए काम किया। पूरे दस साल के शासन में मोदी जी ने देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबको समृद्ध बनाया। इसलिए आप सभी से मैं अशीर्वाद मांगने आया हूँ कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा से बहन रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें और प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालें। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमने मोदी की गारंटी में जो प्रमुख वादा था उसको सांय-सांय पूरा किया और सभी काम को सांय-सांय कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है, उनके लोग पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का बाय-बाय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कोयला, शराब, रेत, जमीन सबमें भ्रष्टाचार किया। दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर महादेव सट्टा एप को निरन्तर चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा, उन पर एफआईआर हुआ। कांग्रेस की सरकार ने 18 लाख गरीबों के आवास का पैसा खा दिया, गरीबों का मकान अधूरा का अधूरा रह गया। किश्त रुकने से 5 साल तक उनका मकान नहीं बन पाया। लेकिन हमने सरकार में आते ही वादे के अनुरूप 18 लाख पीएम आवास के लिए राशि जारी कर दी है।मोदी जी देश ही नहीं विदेशों में भी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं - किरण सिंह देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आजादी के बाद देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो देश के गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की अत्याचारी, दुराचारी, गरीबों का पैसा खाने वाली सरकार थी। 36 वादे तो जनता से किए पर पूरा एक भी नहीं किया। हमारे बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी उपस्थित हैं जो बड़े ही सरल, सहज गरीबों के दुःख दर्द को समझने वाले और सौ फीसदी आदिवासी हैं।? भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही केबिनेट की पहली ही बैठक में पीएम आवास की स्वीकृति दी गई। देश की आधी आबादी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया गया। 70 लाख से अधिक महिलाओं को हजार रूपए प्रतिमाह के हिसाब से साल का बारह हजार रूपए उनके खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे। ये छत्तीसगढ़ की जनता की दया और मया हैं कि भाजपा को छत्तीसगढ़ में पुनः स्थापित किया। 50 हज़ार करोड़ रुपए के आसपास की राशि विभिन्न योजनाओं के लिए दी गई है। एक के बाद एक मोदी जी की गारंटी पूरी की जा रही है। किसानों को 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के हिसाब से 3,100 में खरीदा गया।? तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5,500 प्रति मानक बोरा एवं किसानों को दो वर्षो का बकाया बोनस दिया गया। जो अपने क्षेत्र में चुनाव नहीं जीत सके वो आज लोकसभा चुनाव लडने आएं हैं। श्री किरण सिंह देव ने आगे कहा कि मोदी जी कहते हैं पूरा देश उनका परिवार है मैं भी मोदी जी का परिवार हूं मोदी जी देश ही नहीं विदेशों में भी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478